


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-24 | सीहोर, शनिवार 08 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## लंदन में खालिस्तान समर्थकों की आएगी शामत, प्रापर्टी फ्रीज करेगी सरकार





लंदन (ए)। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार के आगे प्रदर्शन करने वाले खालिस्तान समर्थकों पर शिकंजा कसा जाने की तैयारी शुरू हो गई है और जल्द ही पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया जा सकता है। कई मीडिया रिपोर्टस की मानें तो भारतीय जांच एजेंसियां इन खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों के भारत कनेक्शन की जांच करेंगी। जांच के आधार पर इनकी प्रापर्टीज भी सीज की जा सकती हैं। सूत्रों के अनुसार वीडियो फुटेज के आधार पर प्रदर्शनकारियों की पहचान की जाएगी। ये भी पता किया जाएगा कि जयशंकर की कार के समक्ष प्रदर्शन करने वाले और ब्रिटेन में इस घटना से पहले हुए भारत विरोधी प्रदर्शनों का आपस में कोई कनेक्शन है। जब पहचान हो जाएगी तब इनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा जिसमें आरोपियों की प्रापर्टी सीज करना भी शामिल है।

## पंचकूला में एयरफोर्स का फाइटर जेट क्रैश, बाल-बाल बची पायलट की जान

पंचकूला (ए)। भारतीय वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान आज, शुक्रवार को हरियाणा के पंचकूला जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान अंबाला एयरबेस से नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। वायुसेना ने पुष्टि की है कि विमान का पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकलने में सफल रहा है और हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दुर्घटना पंचकूला के मोरनी इलाके में बालदवाला गांव के पास दोपहर लगभग 3:45 बजे हुई। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी दुर्घटना का कारण प्रतीत हो रही है। घटनाक्रम के अनुसार, पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को आबादी वाले क्षेत्र से दूर मोड़ने में सफलता पाई और उसके बाद सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पायलट की सहायता की और उन्हें पानी पिलाया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिलवासा, दादरा और नगर हवेली में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान लाभार्थियों से बातचीत करते हुए।

## नए सेबी प्रमुख पाडे ने कहा, पारदर्शिता सेबी के लिए अहम प्राथमिकता



मुंबई (ए)। देश की ग्रोथ को सपोर्ट देने के लिए हमें घरेलू और विदेशी निवेशकों की जरूरत है। यह बात नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने एक कार्यक्रम के दौरान कही। उनका यह बयान तब आया है जब शेयर बाजार बिकवाली के दौर से गुजर रहा हैं। सेबी चीफ पांडे ने कहा, देश ने बीते कुछ वर्षों में ग्लोबल निवेश आया है। उन्होंने कहा कि हम विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल माहौल की जरूरत से वाकिफ हैं। सेबी चीफ ने बताया कि हमें बाजार से जुड़ी संस्थाओं में ज्यादा पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग करना होगा, और इसके लिए हमें टीमवर्क की जरूरत है।इस दौरान सेबी प्रमुख ने कहा कि उनका रेगुलेटरी इश्यू पर फोकस रहेगा, और विदेशी निवेशकों के लिए रेगुलेशन और ऑपरेशन से जुड़े नियमों को और आसान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वास और पारदर्शिता बनाया रखना सबसे महत्वपूर्ण है। सेबी चीफ पांडे ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के चलते घरेलू ऑनरशिप में वृद्धि हुई है।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और मितव्यता का देते हैं संदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री पंधाना खण्डवा के सामूहिक विवाह में वर्चुअली हुए शामिल

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत 1158 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा जिले के पंधाना विकासखंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 1158 वर-वधु को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक साथ इतने जोड़ों का परिणय सूत्र में बंधना अपने आप में रिकॉर्ड बनने जैसा है। पाणिग्रहण संस्कार और निकाह के एक साथ आयोजन ने सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। विवाह के इस सामूहिक आयोजन से अपव्यय पर रोक लगती है और सामाजिक एकता का संदेश भी जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए।

पंधाना में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा उपस्थित थे। कृषि उपज मंडी पंधाना में हुए कार्यक्रम में 1158 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें 1137 का विवाह एवं 21 जोड़ों का निकाह हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह 16 संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार है। उन्होंने कहा कि परिवार में आ रही वधू का बेटी के समान प्रेम और सम्मान दिया जाए तथा बेटी भी अपने सास-ससुर को माता-पिता मानकर कुटुंब परंपरा का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन की ओर से प्रत्येक वर-वधु को 51 हजार रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसमें से 49 हजार रुपये सीधे उनके खाते में डाले जा रहे हैं। उन्होंने नव-दंपतियों से आव्हान किया कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लें और स्वयं के तथा अपने परिवार के जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए हर संभव प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां नर्मदा की गोद में विराजित ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग, दादाजी धूनीवाले और पार्श्व गायक स्व. किशोर कुमार की सुमधुर आवाज ने खंडवा जिले की विशेष पहचान दी है। विख्यात साहित्यकार माखनलाल चतुर्वेदी साहित्यिक प्रतिभा और वीर टंट्या मामा के अदम्य साहस ने इस धरा को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक कार्यकर्ताओं और खंडवा के अधिकारियों-कर्मचारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।






मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।


## दिल दहलाने वाली घटनाः पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी को उतारा मौत के घाट, फिर फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

सीधी(आरएनएस)। जिले के बहरी थाना अंतर्गत सिहौलिया में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया और फिर आरोपी पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पति के इस कदम से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीण सिर्फ इस हत्याकांड की ही चर्चा कर रहे हैं। फिलहाल घटना का वास्तविक कारण सामने नहीं आया है। हत्या आत्महत्या की वजह को घरेलू विवाद के रूप में देखा जा रहा है।

दरअसल 34 वर्षीय मृतक निवासी सिहोलिया थाना बहरी का रहने वाला था। उसने अपनी 30 वर्षीय पत्नी की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूल गया है। पति द्वारा पत्नी के ऊपर धारदार टांगी से गर्दन पर कई वार किया और पत्नी की मौत के बाद कमरे के अंदर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर बहरी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। दोनों शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा ने बताया कि आये दिन पति पत्नी में झगड़ा होता था जिसके कारण घटनाक्रम को अंजाम दिया होगा। बहरहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा का आखिरी दांव फेल, अमेरिकी कोर्ट ने खारिज की याचिका

वाशिंगटन(ए)। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने अमेरिकी कोर्ट में याचिका लगाते हुए दावा किया था कि मुस्लिम और पाकिस्तानी मूल के होने के कारण भारत में उसे प्रताड़ित किया जाएगा। इसलिए उसे भारत को प्रत्यार्पण न किया जाए। लेकिन कोर्ट ने राणा की आपातकालीन याचिका को खारिज कर दिया है।पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा पर आरोप है कि उसने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को मुंबई हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में सहायता प्रदान की थी। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे, जिसमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। राणा को उसके बचपन के दोस्त और हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक, डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर काम करने का दोषी ठहराया गया है। हेडली वर्तमान में अमेरिका में 35 साल की सजा काट रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनके प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है, ताकि वह 26/11 के मुंबई हमले में संलिप्तता को लेकर भारत में मुकदमे का



सामना कर सके। राणा ने कहा है कि 13 फरवरी को उसकी ओर से दायर याचिका के गुण-दोष पर लंबित मुकदमे के निस्तारण तक उसके भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जानी चाहिए। अर्जी में कहा गया, इस मामले में यातना दिए जाने की आशंका और भी अधिक है तथा याचिकाकर्ता गंभीर खतरे का सामना कर रहा है, क्योंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुसलमान है और उस पर मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है।

### तीसरी आंख




## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। हॉलीवुड अभिनेत्री को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी को मुंबई की बांगुर नगर पुलिस ने शुक्रवार को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया, तो आरोपी फरार हो गया। हालांकि, काफी तलाश के बाद उसे चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को बोरीवली कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे शनिवार तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

55 वर्षीय पीड़िता मुंबई की रहने वाली है, वह हॉलीवुड में काम कर चुकी हैं। उसने मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की और इसके बाद कई हॉलीवुड, बॉलीवुड और तमिल फिल्मों, टीवी धारावाहिकों में भी काम किया।

## जयशंकर के पीओके वाले बयान पर बोले उमर अब्दुल्ला- किसने उन्हें रोका

### पाकिस्तान ने कहा- झूठे दावे करने से बाज आएं



जम्मू,(ए)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए पूछा, आखिर किसने उन्हें रोका है? दरअसल लंदन के चाथम हाउस थिंक टैंक में एक सवाल-जवाब सत्र के दौरान एस. जयशंकर ने कहा था कि कश्मीर मुद्दे का समाधान तभी संभव होगा जब पाकिस्तान पीओके से पीछे हटे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने कश्मीर को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें अनुच्छेद 370 का हटाया जाना पहला कदम था।

इस दौरान जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा, कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे में जो हिस्सा है, जब वह वापस आएगा, तो कश्मीर का मुद्दा हल हो जाएगा। इस मामले पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा, यदि केंद्र सरकार में पीओके को वापस लेने की क्षमता है, तो वे इस दिशा में कदम क्यों नहीं उठाते? हमने कभी उन्हें रोका नहीं है।

कारगिल युद्ध के दौरान उनके पास हाजी पीर दर्रा वापस लेने का मौका था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। यदि वे सच में इसे वापस ला सकते हैं, तो अब कर के दिखाएं। आखिर ऐसा करने से उन्हें रोका किसने है? इसके साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जम्मू-कश्मीर का एक हिस्सा चीन के कब्जे में भी है, लेकिन इस पर कोई चर्चा क्यों नहीं करता? भाजपा नेताओं ने उमर अब्दुल्ला के बयान पर पलटवार किया और उन्हें घेरने की कोशिश की है। भाजपा नेता सुनील शर्मा ने कहा कि उमर अब्दुल्ला को विधानसभा में स्थानीय मुद्दों का जवाब देना चाहिए था, न कि जयशंकर के बयान पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में अक्साई चिन और पीओके दोनों वापस लिए जाएंगे।

## तुमको हमारी उमर लग जाए..., कार्तिकेय की शादी में पापा शिवराज और मां साधना ने कहा

जोधपुर (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के परिवार में आजकल खुशी की लहर है. फरवरी में भोपाल में अपने छोटे बेटे कुणाल की शादी रिद्धि से संपन्न कराने के बाद परिवार ने 6 मार्च को जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी अमानत बंसल के साथ संपन्न कराई. विवाह के पवित्र बंधन में बंधने से पहले 5 मार्च को कार्तिकेय सिंह और अमानत बंसल के पूरे परिवार ने संगीत कार्यक्रम में खूब मस्ती की. इसमें शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना चौहान का डांस का वीडियो वायरल हो रहा है. दोनों एक-दूसरे के लिए पुराने-सदाबहार गाने पर झुमते हुए नजर आ रहे हैं.

तुमको हमारी ऊमर लग जाए पर साधना ने किया डांसशिवराज सिंह चौहान की पत्नी और कार्तिकेय की मां साधना ने अपने पति के साथ लता मंगेश्कर के गाने तुमको हमारी उमर लग जाए पर डांस किया. इससे पहले साधना ने कहा, एक घंटे में तैयारी की है. इनके पास टाइम नहीं रहता है. आज आपका जन्मदिन भी है और बच्चे की शादी भी है. इसलिए आज तो बनता है।

# जीआईएस-भोपाल से मध्यप्रदेश बन रहा हेल्थकेयर, फार्मा और मेडिकल डिवाइसेज में निवेश का नया केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की अनुकूल नीतियां, विकसित अधोसंरचना और मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी सुविधाएं राज्य को दवा कंपनियों और चिकित्सा उपकरण निर्माताओं के लिए फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बना रही हैं। जीआईएस-भोपाल में हेल्थकेयर, फार्मा और मेडिटेक क्षेत्र की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मध्यप्रदेश चिकित्सा उपकरण निर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उज्जैन में विकसित हो रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक निवेशकों के लिए 'बेस्ट डेस्टिनेशन' करार दिया।

**मॉलिक्यूल टू मशीन अवधारणा से आगे बढ़ता मध्यप्रदेश**

जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'मॉलिक्यूल्स-टू-मशीन (हेल्थकेयर, फार्मा, मेडिटेक)' सत्र के दौरान, विशेषज्ञों ने इस अवधारणा पर चर्चा करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश दवा निर्माण से लेकर चिकित्सा उपकरण उत्पादन तक पूरे हेल्थकेयर इको सिस्टम को मजबूत कर रहा है। राज्य में फार्मास्युटिकल कंपनियों, एक्टिव फार्मास्युटिकल इनग्रेडिएंट्स (एपीआई) निर्माण इकाइयों और मेडिकल डिवाइस विनिर्माण में तेजी से वृद्धि हो रही है।

**मेडिकल डिवाइस पार्क में बढ़ता निवेश**

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के समन्वयक राजीव छिब्बर ने बताया कि उज्जैन स्थित विक्रम उद्योग नगरी में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 23 विनिर्माताओं ने निवेश करने की पुष्टि की है। सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत दी जा रही रियायतों और सुविधाओं के कारण निवेशकों की इकाइयां स्थापित करने की लागत काफी कम हो रही है, जिससे निवेश को बढ़ावा मिल रहा है।

**मेडिकल टेक्सटाइल में अपार संभावनाएं**

जीआईएस-भोपाल के शुभारंभ संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को 'मेडिकल टेक्सटाइल्स' का प्रमुख केंद्र बताया। सर्जिकल गाउन, मास्क, पीपीई किट, सैनिटरी नैपकिन और अन्य उत्पादों के निर्माण में राज्य की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया। कोविड महामारी में भारत ने मास्क और पीपीई किट के उत्पादन में वैश्विक पहचान बनाई थी, जिसे मध्यप्रदेश आगे बढ़ा रहा है।

**मध्यप्रदेश, प्रमुख फार्मास्युटिकल राज्यों में शामिल**

मध्यप्रदेश देश के प्रमुख फार्मास्युटिकल राज्यों में से एक है। वर्तमान में प्रदेश में 270 से अधिक फार्मा कंपनियां कार्यरत हैं, जिनमें से 80 से अधिक पीथमपुर में स्थित हैं। राज्य में निर्मित दवाइयां 160 से अधिक देशों में निर्यात की जा रही हैं। प्रमुख निवेशकों में सनफार्मा, सिप्ला, लुपिन, एल्मेंबिक, टॉरेंट फार्मा और एल्केमिस्ट जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल हैं।

**हरसंभव सहायता और तय समय में मंजूरियाँ**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार फार्मा और मेडिकल उपकरण कंपनियों को निवेश के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। सरकार की ओर से लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम में सभी आवश्यक मंजूरियां तय समय में सुनिश्चित की जा रही हैं।

## फेसबुक पर दोस्ती शादी का झांसा से देकर अभिषेक ने किया दुष्कर्म

भोपाल(आरएनएस)। मंचामन कॉलोनी में रहने वाला आरोपी अभिषेक पुलिस गिरफ्त मेंसोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है,पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया, महिला थाना पुलिस के अनुसार मंचमान कॉलोनी निवासी अभिषेक रेलवे में इंजीनियर है। और मैक्सी में कार्यरत है अभिषेक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर नीलगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय युवती से दोस्ती की दोनों के बीच फेसबुक पर ही चैटिंग होने लगी और दोनों ने एक दूसरे के नंबर ले लिए ,अभिषेक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फसाया और उसे घर मिलने के लिए बुलाता रहा ,उसने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया युवती ने जब अभिषेक से शादी करने की बात कही तो उसने इंकार कर दिया, इसके बाद पीड़ित युवती ने महिला थाने में अभिषेक के खिलाफशिकायत की पुलिस ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला पंजीबद किया गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।



बाबा महाकाल की 16 वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने धर्मपत्नी के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की।

## सीने में तेज दर्द उठा और हो गई फायनेंस कंपनी के कर्मचारी की मौत



भोपाल(ए)। ऐशबाग इलाके में एक फायनेंस कंपनी के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि उसे सीने में तेज दर्द उठा था। इसके बाद पत्नी उसे इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंची। लेकिन, वहां उसकी नाजुक हालत देख दूसरे अस्पताल रेफर किया जा रहा था। लेकिन दूसरे हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस के अनुसार ऐशबाग स्थित निखिल होम्स में तीन बच्चों और पत्नी सोनाली राठौर के साथ रहने वाला आकाश राठौर पिता बाबूलाल राठौर (35) हीरो फायनेंस कंपनी में नौकरी करता था। वहीं उसकी पत्नि निजी बैंक एचडीएफसी में सेल्स मैनेजर का काम करती है। 6-7 मार्च की दरमियानी रात करीब 12 बजे आकाश को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। उसकी हालत देख पत्नी उसे तुरंत ही इलाज के लिये पास में स्थित निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे फौरन ही पीपुल्स अस्पताल ले जाने को कहा। इसके बाद उसे एम्बुलेंस से दूसरे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसे एक उल्टी हुई और फिर उसका शरीर बेदम हो गया। दूसरे अस्पताल पहुचंने पर डॉक्टरो ने उसे शुरुआती चेकअप के बाद ही मृत घोषित करते हुए पुलिस को सूचना दी। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार डॉक्टरो का अनुमान है की उसकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है, हालांकि मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा।

# सोराई रेलवे स्टेशन पर भोपाल रेल मंडल एवं एनडीआरएफ का संयुक्त दुर्घटना अभ्यास

भोपाल (निप्र)। दिनांक 07.03.2025 को भोपाल मंडल के सोराई रेलवे स्टेशन की गुड्स साइडिंग में डिज़ास्टर मैनेजमेंट की तैयारियों को परखने हेतु एक ज्वाइंट फुल स्केल एक्सरसाइज़ का आयोजन किया गया। इस संयुक्त अभ्यास में मंडल रेल प्रबंधक भोपाल देवाशीष त्रिपाठी एवं प्रमुख मुख्य इंजीनियर जबलपुर आशुतोष के मार्गदर्शन में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट एस. ए. सिकंदर, एसडीईआरएफ के पलटन कमांडर चेतन कन्नौजी के नेतृत्व में एनडीआरएफ/एसडीईआरएफ की टीम ने भाग लिया। संभावित दुर्घटना की परिस्थितियों को सजीव रूप देने के लिए दो कोचों— एक स्लीपर कोच और एक जनरल कोच को दुर्घटनाग्रस्त दिखाया गया। एसी कोच को डिरेल कर जीएस कोच को उसके ऊपर रखा गया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना का दृश्य तैयार किया गया। इन कोचों में रेलवे सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों एवं सिविल डिफेंस के सदस्यों को घायल एवं हताहत यात्रियों के रूप में रखा गया, ताकि अभ्यास को वास्तविकता के अधिकतम निकट लाया जा सके। दुर्घटना राहत एवं बचाव अभ्यास की शुरुआत सुबह 11:20 बजे हुई, जब गार्ड ने सोराई स्टेशन को सूचना दी कि एक यात्रा स्पेशल यात्री गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और इसमें कई यात्रियों के हताहत होने की आशंका है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत यह सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी, जिसके पश्चात कंट्रोल रूम ने 5 हूटर (सायरन) बजाकर भोपाल रेलवे स्टेशन से दुर्घटना राहत गाड़ी एवं चिकित्सा यान को रवाना किया। दुर्घटना राहत गाड़ी के मौके पर पहुंचने के बाद, रेलवे एवं एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप




से बचाव कार्य शुरू किया। यात्रियों को बाहर निकालने के लिए खिड़कियों के शीशे तोड़े गए, दरवाजों एवं छत को काटा गया, तथा रस्सियों एवं स्ट्रेचर की सहायता से फंसे हुए यात्रियों को बाहर लाया गया। विशेष रूप से, बोगी के नीचे फंसे यात्रियों को एयरबैग की सहायता से लिफ्ट कर निकाला गया। रेलवे मेडिकल टीम एवं डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा के डॉक्टरों की टीम ने भी इस अभ्यास में भागीदारी की, जिसमें स्थानीय डॉक्टरों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। इसके अतिरिक्त, वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग स्टाफ ने इस आपात स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने दुर्घटना स्थल पर यात्रियों की सहायता की, घायलों को चिकित्सा बूथ तक पहुंचाने में सहयोग दिया एवं घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद की। यात्रियों के परिजनों को उचित सहायता एवं जानकारी प्रदान करने के लिए रेलवे वाणिज्य विभाग द्वारा यात्री सहायता बूथ की स्थापना की गई। यह बूथ दुर्घटना स्थल के साथ-साथ सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी स्थापित किए गए, जिससे यात्रियों एवं उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराई जा सके। संयुक्त अभ्यास के समापन के पश्चात, मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी एवं प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष ने एनडीआरएफ के अत्याधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे की दुर्घटना राहत गाड़ी एवं मेडिकल वैन, जिसमें ऑपरेशन थिएटर भी उपलब्ध था, का भी निरीक्षण किया तथा अभ्यास में भाग लेने वाले सभी सदस्यों से बातचीत कर उनके अनुभव साझा किए। इस अभ्यास के दौरान ड्रोन कैमरे की सहायता से संपूर्ण घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने इस अवसर पर कहा, रेलवे और एनडीआरएफ के इस संयुक्त अभ्यास से हमारी आपदा प्रबंधन क्षमता का बेहतर आकलन हुआ है। इस अभ्यास से सभी विभागों के बीच तालमेल को मजबूती मिली है, जिससे वास्तविक दुर्घटना के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सकेगी। इस फुल स्केल एक्सरसाइज़ में मंडल रेल प्रबंधक भोपाल देवाशीष त्रिपाठी, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर आशुतोष, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम, मुख्यालय एवं मंडल में अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, सुपरवाइज़र, सांस्कृतिक अकादमी के कलाकार एवं सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## काचीगुड़ा-मदार जंक्शन-काचीगुड़ा होली स्पेशल ट्रेन का संचालन

**भोपाल मंडल के रानी कमलापति स्टेशन से होकर गुजरेगी**




भोपाल (निप्र)। होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 07701/07702 काचीगुड़ा-मदार जंक्शन-काचीगुड़ा होली स्पेशल ट्रेन दो-दो ट्रिप के लिए चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति स्टेशन से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 07701 काचीगुड़ा-अजमेर स्पेशल ट्रेन दिनांक 11 एवं 16 मार्च 2025 को काचीगुड़ा स्टेशन से रात 23:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रात्रि 22:45 बजे रानी कमलापति और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन दोपहर 12:50 बजे मदार जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 07702 मदार जंक्शन-काचीगुड़ा स्पेशल ट्रेन दिनांक 13 एवं 18 मार्च 2025 को मदार जंक्शन स्टेशन से सायं 16:05 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन प्रात: 05:00 बजे रानी कमलापति और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन भोर 04:00 बजे काचीगुड़ा पहुंचेगी।

ठहराव:- मलकाजगिरि, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बासर, धर्माबाद, मुडकहेड़, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशीम, अकोला जंक्शन, शेगाँव, मलकापुर, बुरहानपुर, खंडवा, रानी कमलापति, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, जावरा, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद एवं अजमेर।

कोच संरचना:- 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 4 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (इकोनॉमी),3 शयनयान श्रेणी एवं 2 जनरेटर कर ।

यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेलवे की पहलः भोपाल मंडल में महिला सशक्तिकरण को नई उड़ान

भोपाल, (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में भारतीय रेलवे, भोपाल मंडल में महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे, जो हमेशा से राष्ट्र निर्माण की रीढ़ रहा है, अब महिलाओं को भी समान अवसर और नेतृत्व की भूमिकाओं में आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं पर काम कर रहा है।

**रेलवे में बढ़ती महिला भागीदारी- नई संभावनाओं का द्वार**

भारतीय रेलवे का भोपाल मंडल महिलाओं को विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पदों पर अवसर प्रदान कर रहा है। आज, महिलाएँ केवल पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोको पायलट, स्टेशन प्रबंधक, टिकट चेकिंग, इंजीनियरिंग, आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल), ट्रैफिक कंट्रोल, वाणिज्यिक सेवाओं, स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण विभागों में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। रेलवे ने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में अवसरों से वंचित न रहें। भोपाल मंडल में कुल 1100 महिला कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, जो रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं। वाणिज्य विभाग में 164, यांत्रिक विभाग में 156, संचालन विभाग में 109, विद्युत विभाग में 216, इंजीनियरिंग विभाग में 164, सुरक्षा विभाग में 45, संकेत एवं दूरसंचार विभाग में 87, चिकित्सा विभाग में 64, लेखा विभाग में 24, कार्मिक विभाग में 44, सामान्य प्रशासन में 20, गति शक्ति/निर्माण विभाग में 3 और भंडार विभाग में 4 महिलाएँ कार्यरत हैं।

## 16वें वित्त आयोग में MP को लेकर कही गई ये बड़ी बात, सीएम बोले-3 साल में 30 लाख किसानों को देंगे सोलर पंप

भोपाल (आरएनएस)। 16वें वित्त आयोग की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई. इस बैठक में आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव की विशेष मौजूदगी रही. यह बैठक कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुई. इस बीच सीएम ने कहा है कि राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण है, इसलिए केंद्रीय करों और राजस्व प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी और अनुदान बढ़ाया जाना चाहिए. राज्य अपनी क्षमता और सीमित संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए काम करते हैं.सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार से अधिक वित्तीय अनुदान मिलने से राज्य अपने दीर्घकालीन लक्ष्यों को अल्पकाल में ही प्राप्त कर सकेंगे। विकसित भारत का निर्माण, विकसित रब्क के बिना नहीं हो सकता. इसलिए केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 44 से बढ़ाकर 48 त्न तक की जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है. प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## 48 घंटे में फिर बदलेगा मौसम, 9 मार्च को एक्टिव होगा नया सिस्टम

भोपाल (आरएनएस)। होली से पहले मध्य प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। तापमान में गिरावट के चलते प्रदेशभर में ठंडक घुल गई है।गुरुवार को आधा दर्जन से अधिक जिलों का न्यूनतम तापमान 10 से नीचे और बाकी में 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया लेकिन अधिकतम तापमान 30-32 डिग्री के बीच रहा।भ ोपाल सहित नौ शहरों में शीतलहर का प्रभाव रहा। एमपी मौसम विभाग के मुताबिक, 9 मार्च को प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे मौसम में फिर परिवर्तन देखने को मिलेगा। शनिवार से प्रदेश के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने का अनुमान है।फिलहाल बादल और बारिश की कोई संभावना नहीं है, हालांकि तीसरे हफ्ते में बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है।

## सीएम मोहन यादव की सुरक्षा में और इजाफा, तीन नए डीएसपी होंगे तैनात, आदेश जारी

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सीएम डॉक्टर मोहन यादव की सिक्योरटी और बढ़ा दी है। अब सीएम की सुरक्षा में तीन नए डीएसपी तैनात होंगे, जबकि एक डीएसपी को हटाया जाएगा। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से आदेश जारी कर दिए गए हैं।इस बदलाव के बाद अब सीएम की सुरक्षा का कोटा भी पूरा हो गया है।चुंकी मुख्यमंत्री के सुरक्षा दस्ते में छह डीएसपी के पद स्वीकृत हैं, जिसमें से दो पद रिक्त थे। अब उनकी सुरक्षा में 3 नए डीएसपी तैनात अफ्सरों किए गए है जिससे जितने पद खाली थे वे भर गए है। वही सीएम की सुरक्षा दस्ते में तैनात भैयालाल प्रजापति को डीएसपी मुख्यालय पदस्थ कर दिया गया है।इन 3 अफ्सरों को मिला सीएम की सुरक्षा का जिम्मामध्य प्रदेश गृह विभाग ने सीएम की सुरक्षा में तैनात एक डीएसपी को हटाकर तीन नए डीएसपी की पोस्टिंग की है। गुरुवार को शासन द्वारा जारी आदेश में एसडीओपी भांडेर-दतिया कर्णिक श्रीवास्तव को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा पदस्थ किया गया है। एसडीओपी पवई-पन्ना सौरभ रत्नाकर और सहायक सेनानी आर-एपीटीसी इंदौर हेमेंद्र सूर्यवंशी को भी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा पदस्थ किया गया है।ये तीनों अधिकारी अभी अलग-अलग जिम्मेदारियों में थे, लेकिन अब इन्हें सीएम मोहन की सुरक्षा में तैनात किया गया है।

# धान घोटाले की सीबीआई जांच हो, भाजपा सरकार असली दोषियों को बचा रही है : जीतू पटवारी



भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश में सामने आए धान उपार्जन घोटाले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोहन यादव सरकार प्रदेश के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार साबित हो रही है, जहां किसानों की मेहनत की खुली लूट की जा रही है। उन्होंने इस घोटाले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की, ताकि असली दोषियों को कानून के कटघरे में लाया जा सके। भाजपा सरकार घोटालेबाजों को बचाने की साजिश कर रही है जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में धान उपार्जन में भारी गड़बड़ी की सूचनाएं लगातार आ रही थीं, लेकिन सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। अब जब घोटाला उजागर हो गया है, तो भाजपा सरकार सिर्फ औपचारिकता निभा रही है। प्रदेश में EOW (आर्थिक अपराध शाखा) की 25 टीमों ने 12 जिलों में छापेमारी की, जिसमें 150 उपार्जन समितियों और 140 वेयरहाउसों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के सबूत मिले हैं। अब तक की कार्रवाई में 19,910.53 मैट्रिक टन धान की हेराफेरी सामने आई है, जिसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। सतना के एक वेयरहाउस में धान के स्थान पर 535 क्विंटल भूसी पाई गई, जिससे स्पष्ट होता है कि यह घोटाला योजनाबद्ध तरीके से किया गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी हेराफेरी संभव नहीं थी। भाजपा नेताओं के संरक्षण में वेयरहाउस संचालकों और उपार्जन समितियों के अधिकारियों ने किसानों के हक पर डाका डाला है। अब सरकार कुछ छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन असली गुनहगारों को बचाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि यही रणनीति परिवहन घोटाले में भी अपनाई गई थी, जब भाजपा सरकार ने असली भ्रष्टाचारियों को बचाकर कुछ छोटे अधिकारियों को बलि का बकरा बना दिया था। अब धान घोटाले में भी वही खेल खेला जा रहा है।

### किसानों के हक पर डाका डाल रही भाजपा सरकार

जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। पहले सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीद में गड़बड़ी की, और अब किसानों को उनके हक से वंचित करने के लिए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ 5 करोड़ रुपये का घोटाला नहीं है, बल्कि यह कई सौ करोड़ रुपये का महाघोटाला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अब जब सरकार की काली सच्चाई उजागर हो चुकी है, तो भाजपा के नेता इसे दबाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस मांग करती है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाई जाए, ताकि असली दोषियों को सजा मिल सके। प्रदेश के कई स्थानों पर धान उपार्जन में हेराफेरी की सूचनाएं मिल रही हैं, जिससे यह घोटाला और भी बड़े स्तर का साबित होता है।

### भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है मध्य प्रदेश

जीतू पटवारी ने कहा कि मोहन यादव सरकार प्रदेश की सबसे भ्रष्ट सरकार बन चुकी है। कोयला घोटाला, परिवहन घोटाला, महाकाल लोक घोटाला, आदिवासी छात्रवृत्ति घोटाला और अब धान उपार्जन घोटाला, भाजपा सरकार के असली चेहरे को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त हो चुकी है। अब समय आ गया है कि जनता इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

### कांग्रेस किसानों के साथ, न्याय की लड़ाई जारी रहेगी

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के हक के लिए लड़ेगी। उन्होंने कहा, किसानों को लूटने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।



## पीएमश्री वायुसेवा से जबलपुर से इंदौर आई किडनी, बना 63 वां ग्रीन कॉरिडोर

इंदौर (ए.)। इंदौर में शुक्रवार को 63 वां ग्रीन कॉरिडोर बना। इस बार जबलपुर से इंदौर आई किडनी के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना। जबलपुर में सड़क हादसे के बाद ब्रेन डेड हुए 51 वर्षीय व्यक्ति ने कई लोगों को जीवन दान दिया है। दो किडनी के अलावा परिवार ने मृत व्यक्ति की आंखें और त्वचा भी दान की। जबलपुर से इंदौर तक किडनी पीएमश्री वायु सेवा के विशेष विमान से इंदौर आई। एयरपोर्ट से बांबे अस्पताल के बीच ट्रैफिक रोककर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किडनी लाई गई और फिर उसका प्रत्यारोपण शुरू हुआ। दूसरी किडनी जबलपुर के मेट्रो अस्पताल में उपचाररत एक महिला को प्रत्यारोपित हो रही है।

सड़क हादसे के बाद जबलपुर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पूरन लाल चौधरी भर्ती थे। उन्हें डॉक्टरों ने ब्रेनडेथ घोषित कर दियाा था। परिजनों ने कहा कि वे चौधरी का अंगदान करना चाहते हैं। इसके बाद उनकी दोनों किडनी, आंखें और त्वचादान की प्रक्रिया संपन्न हुई।

### 18 मिनिट में एयपोर्ट से अस्पताल आई किडनी

एक किडनी इंदौर में बॉम्बे अस्पताल में भर्ती एक मरीज को प्रत्यारोपित होना थी। हॉस्पिटल के डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. अमित जोशी और डॉ.राजेंद्र सिंह की टीम जबलपुर पहुंची। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हो रही पीएमश्री वायु पर्यटन सेवा के विशेष विमान से दोपहर 11.38 बजे किडनी इंदौर आई। एयरपोर्ट से अस्पताल के बीच ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और ट्रैफिक रोककर 18 मिनट में किडनी बॉम्बे अस्पताल पहुंची। मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बंगानी एवं संदीपन आर्य ने बताया कि इंदौर में सबसे ज्यादा अंगदान हो रहे हैं। इस बार 63 वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

## मंत्री पटेल के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन की कोशिश नाकाम, पुलिस ने किया ये काम

अशोकनगर (ए.)। अशोकनगर जिले के गांधी पार्क में गुरुवार को कांग्रेस ने बीजेपी मंत्री प्रह्लाद पटेल के भिखारी वाले बयान का विरोध किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पहुंचने से पहले ही पुलिस मौके पर तैनात हो गई थी। कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए पुतले को पुलिस ने तुरंत जब्त कर लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे। पूरे क्षेत्र में पुलिस की कड़ी निगरानी जारी रही।

कांग्रेस नेता रितेश जैन आजाद ने खाली प्लास्टिक की कट्टी को जलाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी मनीश शर्मा और पुलिस जवानों ने इसे रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और नेताओं के बीच छीना-झपटी हुई। इसी बीच कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री पटेल का एक छोटा पोस्टर निकालकर भीड़ के बीच में जला दिया।

# शहर में महिला बेच रही थी नील गाय का मीट, पुलिस ने 30 किलो मीट किया बरामद

भिंड (ए.)। भिंड शहर में भवानीपुरा के सरोज नगर में एक महिला द्वारा गुपचुप तरीके से प्रतिबंधित नील गाय का मीट बेचा जा रहा था। आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और महिला को गिरफ्तार किया। इस दौरान फॉरेस्ट टीम ने मकान में छिपाकर रखा, लगभग 30 किलो नील गाय का मीट बरामद किया।

फॉरेस्ट रेंजर बसंत शर्मा ने बताया कि शहर के सरोज नगर में रहने वाली काजल नाम की महिला द्वारा प्रतिबंधित नील गाय का मीट बेचा जा रहा था। मौके पर पहुंची फॉरेस्ट टीम ने उसके कमरे से लगभग 30 किलो





नील गाय का मीट जब्त किया है। सरोज नगर में नील गाय का मीट बेचे जाने की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इस बीच हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे।

घटनाक्रम की जानकारी लगने पर डीएसपी हेडक्वॉर्टर दीपक तोमर, टीआई सिटी कोतवाली बृजेंद्र सिंह सेंगर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हंगामा शांत कराया। गिरफ्तार महिला काजल ने पूछताछ में वन विभाग की टीम को बताया कि यह मीट वह कुछ लोगों से लेकर आई है, इसको लेकर वन विभाग मीट उपलब्ध कराने वालों को तलाश कर रही है। फॉरेस्ट रेंजर ने बताया कि बीते साल भी काजल को नील गाय का मीट बेचने के मामले में पकड़ा गया था। उसके बाद वह न्यायालय से जमानत लेकर बाहर आ गई थी। अब दोबारा उसे इसी अपराध में पकड़ा है। इस मामले में वन विभाग द्वारा पकड़ी गई महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से की हत्या, फिर फांसी लगाकर खुद भी दी जान, ये रहा मामला

सीधी (ए.)। सीधी जिले में बहरी थाना क्षेत्र के सिहोलिया गांव में शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभय राज यादव (34) ने किसी



विवाद के चलते अपनी पत्नी सविता यादव (30) पर धारदार कुल्हाड़ी से कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद अभय ने घर के अंदर जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना सुबह करीब नौ से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है। पति-पत्नी के दो मासूम बच्चे हैं। एक बेटा और एक बेटी हैं, जो इस हादसे के बाद अनाथ हो गए।

## दो बाइकों की आमने-सामने से भिडंत, एक की मौत, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

उमरिया (ए.)। उमरिया जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत उमरिया-शहपुरा रोड पर ग्राम बिचुआ के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार ( (क्रमांक एमपी 54 एमडी 5929)) ग्राम छीरपानी निवासी अशोक सिंह (45) की मौत हो गई। अशोक उमरिया से अपने घर लौट रहे थे। वहीं, ग्राम तामन्नारा से उमरिया की ओर आ रहे प्लेटिना बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए।

## लूना की टक्कर से बैल की मौत, लूना सवार कोमा में, झलोन मार्ग पर नागाबाबा के समीप हुआ हादसा

दमोह (ए.)। दमोह जिले के तेंदुखेड़ा ब्लॉक में एक ऐसा सड़क हादसा घटित हुआ है, जिसे देखने और सुनने के बाद हर कोई हैरान है। यहां गुरुवार शाम एक लूना चालक बैल से टकरा गया, जिसमें बैल की मौके पर मौत हो गई और लूना क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, चालक कोमा में चला गया। झलोन मार्ग पर यह हादसा हुआ।



108 की मदद से घायल को तेंदुखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर रेफर किया गया। जानकारी मिल रही है कि घायल व्यक्ति की हालत नाजुक बनी है। शुक्रवार दोपहर उसी मार्ग से जब राहगीर निकले तो उन्होंने बताया कि घटना के 15 घंटे बाद भी घटना स्थल पर लूना और मवेशी पड़े हुए हैं। लूना बहुत छोटा दो पहिया वाहन है, उसकी टक्कर से किसी मवेशी की मौत होना अपने आप में सोचने वाली बात है। यदि बैल की मौत हो गई तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि रफ्तार कितनी अधिक रही होगी।

घटना गुरुवार शाम सात बजे के लगभग की बताई जा रही है। इमरत पिता सुंदर चक्रवती निवासी मगदूपूरा अपने गांव से तेंदुखेडा की ओर लूना से आ रहा था। नागबाबा के समीप लूना की टक्कर बैल से हो गई, जिसमें बैल की मौके पर मौत हो गई।

## पुणे निवासी 58 वर्षीय ज्योति भक्त ने साइकिल से अकेले कर ली तीन हजार किमी लंबी नर्मदा परिक्रमा



इंदौर (ए.)। यदि खुद पर भरोसा होता है तो फिर मन की करने में कोई मुश्किलें नहीं आतीं। पुणे निवासी 58 वर्षीय ज्योति भक्त ने तीन हजार किलोमीटर लंबी नर्मदा परिक्रमा करने का फैसला लिया। रिश्तेदारों, दोस्तों ने मना किया कि अकेली महिला हो, क्यों रिस्क ले रही हो, कुछ हो जाएगा तो...लेकिन ज्योति ने किंतु, परंतु की चिंता को खूंटी पर टांगा और निकल पड़ी साइकिल लेकर। ज्योति भक्त ने तीन हजार किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा साइकिल से 34 दिनों में पूरी की। हर दिन वह 50 से 70 किलोमीटर साइकिल चलाती थी। समतल सड़क, पगडंडी, पहाड़, कंटीले रास्तों के बीच से होती उसकी साइकिल नर्मदा की धाराएं देखकर आगे बढ़ती चली गई।

## इंदौर के छात्र की धनबाद में संदिग्ध मौत, हॉस्टल की बाथरूम में मिला शव, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था

इंदौर (ए.)। कोयला नगरी के नाम से मशहूर झारखंड के धनबाद में इंदौर के रहने वाले एक छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छात्र का शव धनबाद के आईआईटी-आईएसएम के हॉस्टल से बरामद किया गया है। मृतक छात्र इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष में था।

जानकारी के अनुसार, धनबाद आईआईटी-आईएसएम से इंजीनियरिंग कर रहे तन्मय प्रजापति की लाश हॉस्टल के बाथरूम से बरामद की गई। तन्मय इंदौर का रहने वाला था। आईआईटी-आईएसएम के सुरक्षा अधिकारी राम मनोहर ने बताया कि तन्मय इंस्टीट्यूट के एक्वामरीन हॉस्टल की नौवीं मंजिल पर रहता था। करीब रात 10 बजे हॉस्टल का बाथरूम अंदर से लॉक था।

काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो गेट तोड़ा गया। इस दौरान छात्र तन्मय बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## धरती उगल रही सोने के सिक्के! अंधेरी रात में लोगों ने खोद डाले कई एकड़ खेत




बुरहानपुर (ए.)। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूरी पर इंदौर-इच्छापुर हाइवे स्थित खंडवा रोड पर ऐतिहासिक असीरगढ़ किले के लिए मशहूर असीर गांव आज कल खजाने के लिए खेतों में हो रही खुदाई के लिए काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। चार महीने पहले यहां खेतों में खजाना सोने के सिक्के होने की अफवाह फैलने पर लोगों ने यहां खेत की खुदाई की थी।

अब पिछले तीन दिन से फिर यहां खुदाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ आधी रात को मोबाइल टॉर्च के उजाले में खेतों को खोद रही है। दावा है कि यहां सोने के सिक्के मिल रहे हैं। वहीं, वीडियो सामने आने पर गुरुवार दोपहर निंबोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। यहां लोग तो नहीं मिले, लेकिन हर तरफ खोदे गए गड्ढे नजर आए।

### असीरगढ़ किले का इतिहास

देश में पहचान रखने वाले असीरगढ़ किले का एक बड़ा इतिहास रहा है। उसके आसपास खेत में लोग खजाने की खोज के लिए खेतों में खुदाई कर रहे हैं। कुछ महीने पहले भी यहां से ऐसी ही तस्वीरें सामने आई थीं, तब भी पुलिस प्रशासन ने इससे इनकार किया था।

# व्यापार समाचार



## नई पहलः महिला कर्मचारियों को हर महीने मिलेगा एक दिन का मासिक धर्म अवकाश

नई दिल्ली (ए.)। महिला कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने अपनी महिला कर्मचारियों को मासिक धर्म के दौरान एक दिन का वैतनिक अवकाश देने की घोषणा की है। एलएंडटी के इस कदम से कंपनी की करीब 5,000 महिला कर्मचारियों को फायदा होगा।

इसके पहले स्विगी और जोमैटो जैसी कुछ कंपनियों ने भी पहले मासिक धर्म पर महिलाओं को अवकाश देने की घोषणाएं की हैं। हालांकि, प्रमुख कारोबारी घरानों ने अभी तक इसी तरह की पहल नहीं की है। देश के चार राज्यों- बिहार, ओडिशा, सिक्किम और केरल ने अपने कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म की छुट्टियों का प्रावधान किया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सरकार को इस मुद्दे पर नीति बनाने का सुझाव दिया था।

एलएंडटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रमण्यन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कंपनी के एक कार्यक्रम में इस कदम की घोषणा की। सुब्रमण्यन ने कहा कि इस घोषणा को लागू किए जाने के तौर-तरीके का सटीक विवरण जल्द ही संबंधित अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाएगा।

यह घोषणा केवल मूल कंपनी एलएंडटी की महिला कर्मचारियों पर ही लागू होगी और वित्तीय सेवाओं या प्रौद्योगिकी में लगी इसकी अनुषंगी कंपनियों पर यह लागू नहीं होगी। एलएंडटी के 60,000 कर्मचारियों में करीब नौ प्रतिशत यानी लगभग 5,000 महिलाएं हैं. तत्काल लागू होने जा रहे इस कदम से इन महिला कर्मचारियों का लाभ होगा।

# कमजोर मांग के चलते सोना 89 हजार रुपये के नीचे आया, चांदी ने 500 रुपये की लगाई छलांग



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में शुक्रवार को सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे गिर गई। यह गिरावट घरेलू मांग में कमी के कारण आई है, जैसा कि ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन ने बताया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये घटकर 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो कि लगातार दूसरे दिन की गिरावट है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये घटकर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।


### चांदी में 500 रुपये की तेजी देखने को मिली

व्यापारियों का कहना है कि स्थानीय ज्वैलर्स और खुदरा खरीदारों की मांग कम होने के कारण सोने के भाव में गिरावट आई है। लांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार चौथे दिन की वृद्धि है। पिछले चार सत्रों में चांदी की कीमत में 3,100 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### वैश्विक स्तर पर स्थिर रही सोने की कीमत

एमसीएक्स पर अप्रैल महीने की डिलीवरी के लिए सोना 50 रुपये गिरकर 85,983 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वैश्विक स्तर पर, सोने की कीमत स्थिर रही और यह 2,929.30 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड हो रही थी, जबकि स्पॉट गोल्ड 10.14 डॉलर (0.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,921.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमत एशियाई बाजार में 0.17 प्रतिशत गिरकर 33.28 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच सपाट बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार



मुंबई (ए.)। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच भारतीय शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को करीब-करीब सपाट बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ 74,347 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,586 अंक के उछाल और 74,038 अंक के निचले स्तर पर झूलने के बाद 7.51 अंक की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी50 भी गिरावट में खुला। कारोबार के दौरान इंडेक्स में उतार-चढाव देखने को मिला। अंत में निफ्टी 7.80 अंक बढ़कर 22,552.50 पर बंद हुआ। ब्रोडर मार्केटस निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में तेजी जारी रही और यह 0.67 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.32 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ।

शुक्रवार को बाजार में निफ्टी 50 में शामिल शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में दिखाई दी। जो 3.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुई। इसके बाद टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज ऑटो और हिंडाल्को में 1.23 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। वहीं इंडसइंड बैंक, श्रीराम फाइनेंस, एनटीपीसी, बीपीसीएल और इंफोसिस निफ्टी 50 में शामिल सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयर में शामिल रहे। बात दें कि फरवरी में विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी जारी रही, लेकिन वित्तीय सेक्टर के दिग्गज शेयरों में बिकवाली की रफ्तार जनवरी की भारी निकासी के मुकाबले काफी धीमी रही। हालांकि इकनॉमिक ग्रोथ में सुस्ती की चिंता बनी हुई है। नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने वित्तीय सेक्टर के शेयरों से 69.91 अरब रुपये की बिकवाली की जो अहम क्षेत्रों से हुई निकासी में सबसे ज्यादा है।

## रुपया छह पैसे गिरकर 87.18 पर खुला

**- रुपया पिछले कारोबारी दिन छह पैसे गिरकर 87.12 पर बंद हुआ**

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे गिरकर 87.18 पर आ गया। व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं और घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी पूंजी के लगातार बाहर जाने से दुनियाभर में सुस्त धारणा बनी रही। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी मुद्रा सूचकांक में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भारतीय मुद्रा को तेज गिरावट से बचने में मदद मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.13 पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.18 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की गिरावट दर्शाता है। तीन दिन की तेजी पर विराम लगाते हुए रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे गिरकर 87.12 पर बंद हुआ। पिछले तीन लगातार सत्रों में इसमें 31 पैसे की तेजी आई थी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.99 पर कारोबार कर रहा था।

## दोपहिया वाहनों की बिक्री में सालाना छह फीसदी की गिरावट

**- कारों की खुदरा बिक्री 10 फीसदी घटी**

मुंबई (ए.)। कारों व दोपहिया वाहन समेत विभिन्न प्रकार के वाहनों की मांग गिरने से गाड़ियों की खुदरा बिक्री फरवरी, 2025 में सालाना आधार पर 7 फीसदी की गिरावट के साथ 18,99,196 इकाईरह गई। फरवरी, 2024 में कुल 20,46,328 वाहन बेचे गए थे। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने कारों की खुदरा बिक्री फरवरी, 2024 से 10 फीसदी घटकर 3,03,398 इकाईरह गई। इस दौरान कुल 13,53,280 दोपहिया वाहन बिके। यह आंकड़ा फरवरी, 2024 में बिके 14,44,674 दोपहिया वाहनों की तुलना में 6 फीसदी कम है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 9 फीसदी घटकर 82,763 इकाईरह गई, जबकि ट्रैक्टर की बिक्री में भी 14.5 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। डीलरों का इन्वेंट्री लेवल अब भी 50-52 दिन के स्तर पर है। फाडा के एक अधिकारी ने बयान में कहा फरवरी में सभी श्रेणियों में व्यापक गिरावट देखी गई। खुदरा विक्रेताओं ने बिना उनकी सहमति के उन्हें गाड़ियां भेजे जाने के बारे में चिंता जताना शुरू कर दिया।

## जियोस्टार 1,100 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

मुंबई (ए.)। जियोस्टार 1,100 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है। इसकी प्रमुख कंपनी वायाकॉम18 का वॉल्ट डिज्नी के साथ नवंबर, 2024 में विलय हो गया था। इससे कुछ विभागों में कर्मचारियों की संख्या ज्यादा हो गई थी। हालांकि, निकाले जाने वालों को छह महीने से एक साल तक का वेतन दिया जाएगा। विलय के बाद पुनर्गठन के तहत कंपनी में छंटनी की शुरुआत फरवरी से शुरू हुई है, जो जून तक चलेगी। कंपनी वितरण, फाइनेंस, कॉमर्शियल और कानूनी विभाग में गैर जरूरी लोगों को निकालेगी। अगर कोई कर्मचारी एक साल पहले कंपनी में आया है तो उसे एक महीने का पूरा वेतन मिलेगा। इसी हिसाब से बाकी कर्मचारियों को भी मिलेगा। एक से तीन महीने का नोटिस होगा। विलय के बाद ये जियो देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बन गया है। यह सौदा 70,352 करोड़ रुपये में हुआ था।

# महिला उद्यमियों को बनाया जाएगा सशक्त, शुरु हुई नई पहल

नई दिल्ली (ए.)। सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग और इंडिया एसएमई फोरम ने पूरे देश में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एक संयुक्त पहल 'ए मिलियन वुमेन अराइज' की शुरुआत करने की घोषणा की है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय में निदेशक अंकिता पांडेय ने इस पहल की शुरुआत करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों की हिस्सेदारी भारत के छह करोड़ पंजीकृत एमएसएमई में 35 प्रतिशत है। इसके बावजूद महिलाओं को स्त्री-पुरुष भेद से जुड़े पूर्वाग्रहों और बाजारों तक सीमित पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।



### भेदभाव को किया जाएगा कम

एमएसएमई मंत्रालय संगठित क्षेत्र के विस्तार, सलाह, क्षमता निर्माण और ई-कॉमर्स एकीकरण को बढ़ाने वाली पहल के माध्यम से महिला उद्यमियों के साथ होने वाले भेदभाव और बाजारों तक सीमित पहुंच जैसी चुनौतियों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बनेगी एक सुसंगत सिस्टम

नीति आयोग की प्रमुख आर्थिक सलाहकार और महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) की मिशन निदेशक अन्ना रॉय ने कहा कि यह मंच एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी है, जो महिला उद्यमियों को समर्थन देने के लिए एमएसएमई सहित प्रमुख मंत्रालयों को एक साथ लाता है। मौजूदा कार्यक्रमों को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य वित्त, बाजार, अनुपालन मदद, कौशल, सलाह और नेटवर्किंग तक पहुंच के जरिये एक सुसंगत समर्थन प्रणाली बनाना है।

### ज्ञान और मदद का मिलेगा समर्थन

इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि नीति आयोग के साथ इस सहयोग से हमारा लक्ष्य लाखों महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों तक डब्ल्यूईपी की पहल को विस्तारित करना, उन्हें सफल व्यवसाय बनाने के लिए जरूरी ज्ञान और मदद देना है।

### महिला सदस्यों को हवाई सफर में मिलेगी सहूलीयत

इंडिया एसएमई फोरम ने एमएसएमई को बेहतर यात्रा समाधान प्रदान करने, उनकी वृद्धि और गतिशीलता को मजबूती देने के लिए इंडिगो के साथ रणनीतिक साझेदारी वाले एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी मंच के सदस्यों को उनके कारोबार विस्तार में सहायता के लिए विशेष यात्रा लाभ, अनुकूलित भत्ते और निर्बाध संपर्क मुहैया कराएगी।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## सेबी की मिलीभगत

शेयर धोखाधड़ी के मामले में पूर्व सेबी प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश विशेष अदालत ने दिया है। अदालत ने इसे प्रथम दृष्टि नियामक चूक व मिलीभगत का सबूत माना और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। याचिका में बुच के अतिरिक्त पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी लिस्टिंग में अनियमितताओं का दावा किया गया है।

नियामक प्राधीकरणों, खासकर सेबी की मिलीभगत से कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध करने को कॉरपोरेट धोखाधड़ी बताया है। सेबी की पहली महिला प्रमुख बुच को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग द्वारा हितों के टकराव के आरोप लगाए गए थे। बुच दंपति पर फंड संरचनाओं का हिस्सा रही संस्थाओं में निवेश का भी आरोप है, जिसमें अडानी समूह द्वारा भी निवेश किया गया था।

बुच का कहना था, यह निवेश उनके नियामक में शामिल होने से पहले किया गया था। हालांकि सेबी ने इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कदम उठाने की बात की है। साथ ही बुच का समर्थन करते हुए याचिकाकर्ता को तुच्छ व आदतन मुकदमाकर्ता ठहराया। इस दरम्यान स्वयं हिंडनबर्ग अपना कारोबार बंद करने की घोषणा भी कर चुकी है। बुच द्वारा तमाम सराहनीय सकारात्मक कदम उठाये जाने के बावजूद उनके तीन साल के कार्यकाल के दरम्यान कर्मचारियों में जबरदस्त रोष भी नजर आया।

खुदरा निवेशकों को बाजार की तरफ आकर्षित करने में सफल रही बुच ने निवेश सलाहकारों के लिए नियमों को आसान बनाने व राइट्स इश्यू को तेजी देने सरीखा काम कर दिखाया। इसके बावजूद उन पर लगे आरोपों की अनदेखी नहीं की जा सकती। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद सरकार ने न सिर्फ पक्षपाती रवैया बनाये रखा बल्कि चिकने घड़े की तरह आरोपों को झाड़ती रही। यूं भी मोदी सरकार का काम करने का रवैया ऐसा है, जो अपने चहेते अधिकारियों के बचाव को लेकर अड़ियलपन दिखाने में कोई लिहाज नहीं करती।

बेशक सरकार को जांच का आासन देते हुए नियामक प्राधीकरणों की गरिमा बनाए रखने के प्रति गंभीर नजर चाहिए। अदालती कार्रवाई का सामना करके बुच को अपना पक्ष रखना चाहिए। सफलताओं के झंडे गाड़ने के बावजूद सेबी जैसे सम्मानित नियामक पर एक शख्स की वजह से बिला-वजह पड़ने वाले छींटों से बचाने के प्रति सरकार पहले ही प्रतिबद्धता दर्शा सकती थी।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पटना में सुधा डेयरी उत्पादों की पहली निर्यात खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

### 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा

**संपतिया उइके**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि नारी सशक्तिकरण ही वास्तविक राष्ट्र सशक्तिकरण की आधारशिला है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होंगी, तो समाज और देश की प्रगति स्वतः सुनिश्चित होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं, विशेष रूप से जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी कदम बताया।

मंत्री उइके ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार भी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने व्यापक नीतिगत पहल की हैं, जिनका सीधा लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री वन धन योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और लघु उद्यमों से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे वे अपने पारंपरिक ज्ञान और कौशल का उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। आदिवासी छात्रवृत्ति योजना और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय जनजातीय समाज की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण और उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान कर रहे हैं। स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत अनुसूचित




जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती और धात्री महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर स्वस्थ मातृत्व और पोषण को प्रोत्साहित कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को नीति-निर्माण की केंद्रीय धुरी बना रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की 1.29 करोड़ महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे परिवार के आर्थिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री आदिवासी महिला उद्यमिता योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने के लिये अनुदान और ऋण सहायता उपलब्ध करा रही है। हर घर नल जल योजना ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं को पेयजल आपूर्ति की कठिनाइयों से राहत दे रही है, जिससे उनका श्रम और समय बच रहा है और वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी कर पा रही हैं। पेसा अधिनियम जनजातीय महिलाओं को ग्राम सभाओं में सशक्त भूमिका प्रदान करने के लिए प्रभावी कानून है, जिससे वे स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं और समुदाय के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।मंत्री उइके ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सरकारी योजनाओं से ही संभव नहीं है, बल्कि इसमें समाज की भागीदारी भी आवश्यक है। सरकार स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। जब हर नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगा और यही हमारा संकल्प है।

# व्यापार युद्ध भारत के लिए कितना फायदेमंद होगा

**सच्चिदानंद शेकटकर**

स्दूसरी बार बने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव के दौरान लिए गए वादों को निभाने में बड़ी सक्रियता के साथ जुट गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ने निर्यात शुल्क बढ़ाकर ट्रेड वार यानी व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। ट्रंप ने जो ट्रेड वॉर छेड़ने का एक तरफा फैसला किया है अब उनको जवाब मिलना भी शुरू हो गया है। सबसे बड़े वैश्विक ट्रेड वार की शुरुआत करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा, मेक्सिको और चीन से आयात होने वाले कई उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगा दिया है। अमेरिका ने जहां कनाडा और मेक्सिको से स्टील अल्युमिनियम समेत कई धातुओं और अन्य उत्पादों के आयात पर 25प्रतिशत टैक्स लगा दिया है जबकि कनाडा के ई ऊर्जा उत्पादन के आयात पर अमेरिका ने 10प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। अमेरिका ने चीन से होने वाले हर आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगा बढ़ा दिया है पहले यह शुक्ल 10 प्रतिशत था। अमेरिका ने शुल्क लगाने का जो बड़ा फैसला किया है वहीं चीन और कनाडा ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगा दिया है। चीन ने भी अमेरिका से आयात कई कृषि उत्पादों जैसे चिकन, सोया, मक्का और बीफ पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाने का जवाबी ऐलान कर दिया है। वर्ष 2023 में चीन ने अमेरिका से 33 अरब डॉलर के कृषि उत्पादक आयात किए थे जिस पर अब असर पड़ेगा और इससे चीन को नुकसान भी होगा। वहीं दुनिया के दो बड़े देश अमेरिका और चीन समेत चार



प्रमुख देशों के बीच जो व्यापार युद्ध छिड़ा है उसके असर का भी आकलन किया जा रहा है। आकलन इस बात का भी किया जा रहा है कि इस व्यापार युद्ध से भारत को कितना फायदा होने जा रहा है। यह उम्मीद की जा रही है कि इस व्यापार युद्ध से भारत से अमेरिका को निर्यात में 10प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है। भारत से कुल 8.40 लाख करोड रुपए का निर्यात अमेरिका को हो सकता है अभी भारत अमेरिका को 7.63 करोड रुपए के समान का निर्यात और 3.65 लाख करोड रुपए का आयात करता है। यह व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है।भारतीय निर्यातकों को अमेरिका में शिपमेंट बढ़ाने में मदद मिलेगी। जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 2019 में चीन पर अधिक टैरिफ ड्यूटी लगाई थी तभी भारत चौथा सबसे बड़ा लाभ पाने वाला देश बन गया था। विशेषज्ञों का यह मानना है कि व्यापार युद्ध से भारत को फायदा उठाने के लिए तुरंत होमवर्क करना चाहिए भारत को तीन मोर्चे पर युद्ध स्तर पर काम करना होगा। यह तीन मोर्चे हैं प्रोडक्शन ग्रोथ और डिमांड। प्रोडक्शन बढ़ाने से रोजगार में फायदा मिलेगा लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा तो बाजार में डिमांड बढने वाली है इससे इकोनॉमी की ग्रोथ रेट बढ़ जाएगी यह तीनों फैक्टर भारत के पक्ष में जा सकते हैं। लेकिन विदेशी निवेशकों को रोकना भी भारत के लिए एक बड़ी चुनौती रहने वाली है। वही अमेरिका द्वारा छेड़े गए ट्रेड वॉर को लेकर इस वार से जुड़े रहे चीन का यह कहना है कि अमेरिका युद्ध चाहता है तो हम अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं फिर चाहे वह टैरिफ बार हो या ट्रेड वॉर हो या और कोई युद्ध हो।

वही ट्रेड वॉर से प्रभावित कनाडा के प्रधानमंत्री का यह कहना है कि ट्रंप खुद को चतुर समझते हैं लेकिन टैरिफ लगाकर मूर्खता कर रहे हैं। यह भी विशेषज्ञ बताते हैं कि अमेरिका को घेरने के लिए ब्रिक्स जैसे मजबूत संगठन के देश आपस में नॉर्मल टैरिफ का नियम लागू कर सकते हैं जिससे अमेरिका अलग-थलग पड़ सकता है। अभी तो व्यापार युद्ध की शुरुआत हुई है इसके नतीजों का आकलन करने में अभी कुछ वक्त तो लगेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही समस्याओं का समाधान निकालने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। आज समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। आपका अनुभव प्रतिष्ठा का कारण बनेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। ऑफिस में काम बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे, लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर के बीच अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझनें दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी, बिजनेस को बढाने के लिए बेहतर फैसले लेंगे। साथ ही व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी लेंगे। आज आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे।

कर्क राशि : आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज अच्छी खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी, नई पोस्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी, आप भी इसका भरपूर फायदा उठाएंगे। किसी कार्य योजना के कारण आपको यात्रा करनी पड़ेंगी। आज आयी समस्याओं को अपनी समझदारी से दूर कर लेंगे। आज आपके घर के सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। आज आज आप ऑनलाइन नया काम शुरू करेंगे, जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

कन्या राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आज आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होगी। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आयेगा, इससे आप खुद को रिलैक्स फील करेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आज आप आपनी मेहनत से अच्छा धन कमाने में सफल होंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सेहत रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है।

धनु राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आपके निजी प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ के स्त्रोत खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आज आप ऑफिस में अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे। घर में नन्हें मेहमान के आने से खुशियाँ आएंगी। लोग आपको बधाई देंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे।

मीन राशि : आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज व्यापार में अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज शत्रु पक्ष आपको परेशान करने की नाकाम कोशिश कर सकता है। प्रशासनिक पद पर कार्यरत लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। शिक्षकों का ट्रांसफर उनके मन पसंद जगह पर होगा।

# भारत का तकनीकी पुनर्जागरणः विकसित भारत की यात्रा को गति

अश्विनी वैष्णव

महाराष्ट्र के बारामती में एक छोटा किसान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ कृषि के नियमों को फिर से निर्धारित करने में जुटा है। यह बात अपने-आप में अद्वितीय है। हम उर्वरक के इस्तेमाल में कमी, जल संसाधन के बेहतर इस्तेमाल से अधिक उपज के बारे में बात करते हैं, जो एआई समर्थित है।

यह भारत की एआई-संचालित क्रांति की एक झलक मात्र है। तकनीक और नवाचार अब प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को बखूबी बदल रहे हैं। कई अर्थों में इस किसान की कहानी एक बहुत बड़े परिवर्तन का सूक्ष्म रूप है। यह सूक्ष्म रूप 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारे प्रस्थान का है।

**डिजिटल नियति का निर्धारण**

भारत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर जोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। दशकों से, भारत सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहा है, किंतु अब यह हार्डवेयर विनिर्माण में भी बड़ी प्रगति कर रहा है।

पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र निर्माणाधीन हैं, जो वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में भारत की भूमिका को मजबूत करते हैं। आज इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद हमारे शीर्ष तीन निर्यातों में शुमार हैं और जल्द ही हम एक प्रमुख मील के पत्थर यानी इस साल भारत की पहली "मेक इन इंडिया" चिप के लॉन्च तक पहुंच जाएंगे।

एआई का निर्माण: कंप्यूट, डेटा और इनोवेशन

सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इसकी रीढ़ हैं, जबकि डीपीआई भारत की तकनीकी क्रांति को आगे बढ़ाने वाली प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। भारत अपने तरह की एक एआई संरचना के माध्यम से इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर एआई का लोकतंत्रीकरण कर रहा है।

इस संबंध में एक प्रमुख पहल 18,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के साथ भारत की कॉमन कंप्यूट सुविधा है। 100 रुपए प्रति घंटे से कम की रियायती लागत पर उपलब्ध, यह पहल सुनिश्चित करेगी कि अत्याधुनिक अनुसंधानकर्ताओं, स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों के लिए सुलभ हो। यह पहल मूलभूत मॉडल और अनुप्रयोगों सहित एआई -आधारित प्रणालियों को विकसित करने के लिए जीपीयू तक आसान पहुंच को सक्षम करेगी।

भारत विविध और उच्च-गुणवत्ता वाले डेटा पर एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर गैर-व्यक्तिगत अनाम डेटासेट भी विकसित कर रहा है। यह पहल पूर्वाग्रहों को कम करने और सटीकता में सुधार करने में मदद करेगी, जिससे एआई सिस्टम अधिक विश्वसनीय और समावेशी बनेंगे। ये डेटासेट कृषि, मौसम पूर्वानुमान और यातायात प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई-संचालित समाधानों को शक्ति प्रदान करेंगे।

सरकार भारत के अपने आधारभूत मॉडलों के विकास में सहायता कर रही है, जिसमें बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) और भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप समस्या-विशिष्ट एआई समाधान शामिल हैं। एआई से जुड़े अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, कई उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

भारत का डीपीआई, डिजिटल नवाचार की रूपरेखा

डीपीआई में भारत के अग्रणी कार्य ने वैश्विक डिजिटल परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है। कॉर्पोरेट या राज्य-नियंत्रित मॉडल के विपरीत, भारत का सरल सार्वजनिक-निजी दृष्टिकोण का आधार, यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफ़ॉर्म बनाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करता है। निजी क्षेत्र के दिग्गज डीपीआई के शीर्ष पर उपयोगकर्ता के अनुकूल, एप्लिकेशन-विशिष्ट समाधान बनाते हैं और नवाचार प्रस्तुत करते हैं।

इस मॉडल को अब एआई के साथ सुपरचार्ज किया जा रहा है, क्योंकि यूपीआई और डिजीलॉकर जैसे वित्तीय और शासन प्लेटफॉर्म बुद्धिमान समाधानों को एकीकृत करते हैं। भारत की डीपीआई संरचना में वैश्विक रुचि जी20 शिखर सम्मेलन में स्पष्ट थी, जहां विभिन्न देशों ने मॉडल को दोहराने की इच्छा व्यक्त की थी। जापान ने भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली को पेटेंट प्रदान किया है, जो इसकी व्यापकता का प्रमाण है।

**महाकुंभ, परंपरा और तकनीक का संगम**

भारत ने महाकुंभ 2025 के निर्बाध संचालन के लिए अपने डीपीआई और एआई-संचालित प्रबंधन का लाभ उठाया, जो अब तक का सबसे बड़ा मानव समागम है। एआई -संचालित उपकरणों ने प्रयागराज में रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तत्क्षण रेलवे यात्रियों की आवाजाही की निगरानी की।

भाषिणी, कुंभ सहायक चैटबॉट में एकीकृत, सभी के लिए आवाज आधारित खोया और पाया सुविधा, तत्क्षण अनुवाद और बहुभाषी सहायता सक्षम करती है। भारतीय रेल और उत्तर प्रदेश पुलिस जैसे विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संचार प्रणाली को सुव्यवस्थित किया।

डीपीआई का लाभ उठाकर, महाकुंभ 2025 ने तकनीक-सक्षम प्रबंधन के लिए एक वैश्विक मानदंड स्थापित किया है, जो इसे अधिक समावेशी, कुशल और सुरक्षित बनाता है।

भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण

भारत का कार्यबल इसकी डिजिटल क्रांति के केंद्र में है। देश हर हफ्ते एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) जोड़ रहा है, जो वैश्विक आरएंडआई और तकनीकी विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। हालांकि, इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए शिक्षा और कौशल विकास में निरंतर निवेश की आवश्यकता होगी। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार, एआई, 5जी और सेमीकंडक्टर डिजाइन को शामिल करने के लिए विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में बदलाव करके इस चुनौती का समाधान कर रही है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्नातक रोजगार के लिए तैयार कौशल के साथ कार्यबल में प्रवेश करें, जिससे शिक्षा और रोजगार के बीच का फासला कम हो।

एआई को विनियमित करने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोणभारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण कर रहा है। इसकी एआई नियामक संरचना को उत्तरदायी तैनाती सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। 'कठोर' नियामक संरचना के प्रतिकूल, जो नवाचार को दबाने का जोखिम उठाता है, या 'बाजार संचालित शासन', जो अक्सर कुछ लोगों के हाथों में शक्ति केंद्रित करता है, भारत एक व्यावहारिक, तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण का पालन कर रहा है।





# झारखंड के सीएम सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर जानलेवा हमला

## पूर्व पीए ने की फायरिंग की कोशिश, गिरफ्तार



रांची,(आरएनएस)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सीता सोरेन पर जानलेवा हमला हुआ है। जानकारी के मुताबिक, उन पर यह हमला उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष ने किया है। बताया जा रहा है कि सीता सोरेन पर हमला उस वक्त हुआ जब वह सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। राहत की बात यह रही कि वक्त रहते ही सुरक्षाकर्मियों की सूझबूझ ने सीता सोरेन पर हमला होने से बचा लिया और देवाशीष घोष को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन गुरुवार को सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। इस दौरान वह एक होटल में रुकीं। जब वह होटल के कमरे में गईं, तो वहां पहले से मौजूद देवाशीष ने उन पर पिस्टल से फायर करने की कोशिश की। लेकिन, इससे पहले सीता सोरेन के सुरक्षा गार्ड ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और होटल से दो पिस्टल बरामद किए। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि पिछले विधानसभा चुनाव में फंड को लेकर चर्चा हो रही थी। उसी को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद देवाशीष घोष ने सीता सोरेन पर हथियार तान दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व पीए देवाशीष अपने साथ देशी पिस्टल रखता था। पूर्व विधायक एक शादी समारोह से आई थीं। उनकी गाड़ी पूर्व पीए चला रहा था। गाड़ी में उनके साथ मौजूद कार्यकर्ताओं को पता था कि देवाशीष के पास पिस्टल है। मामले की जांच की जा रही है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा नेता सीता सोरेन पर हुए हमले को लेकर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें लगता है कि सीता सोरेन जो हैं, वह गलत हाथों में हैं, उनके आसपास के लोग सही नहीं हैं। मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा, मामला जानने के बाद ही कुछ कहूंगा। हमारी सरकार सबकी जानमाल की रक्षा करने के लिए खड़ी है। राज्य में कानून-व्यवस्था दुरुस्त है। यह रघुवर दास की सरकार नहीं है, जहां खुलेआम मॉब लिंचिंग हुआ करता था।

### उत्तर प्रदेश के बहराइच में युवती का सिर कटा शव बरामद

बहराइच (ए.)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा कोतवाली पुलिस इलाके के एक गांव में शुक्रवार सुबह नहर के करीब एक युवती की सिर कटी लाश मिली, जिसकी उम्र करीब 20 वर्ष आंकी गयी है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चूंकि शव का सिर गायब है, इसलिए अभी तक पहचान नहीं हो पायी है। नानपारा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रद्युम्न कुमार सिंह ने पीटीआई-को बताया, कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में सरयू नहर की पटरी के निकट शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने एक युवती की सिर कटी लाश देखी। लाश का सिर गायब था। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।

## ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भीषण आग, दमकल की 13 गाड़ियों ने पाया काबू

भुवनेश्वर,(आरएनएस)। ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भीषण आग लग गई. आग लगने से कम से कम 17 नाव जलकर खाक हो गईं. इस दौरान, गैस का टैंक भी फट गया,



जिससे लोग घबरा गए. आग बुझाने के लिए दमकल की 13 गाड़ियों को बुलाया गया. इसके अलावा, कटक से भी दमकल की और गाड़ियों को मंगवाना पड़ा. आग बुझाने के दौरान, एक व्यक्ति आग की चपेट में आ गया. वह इससे घायल हो गया. इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

दरअसल, पोर्ट के जेटी नंबर- 1 में खड़ी नाव पर सबसे पहले आग लगी, इसके बाद एक के बाद एक करके बाकी नावों में आग लग घई. आग इतनी भयंकर थी कि तीन किलोमीटर दूर से आग दिखाई दी. आग लगने के कारण मौके पर भीड़ न लगे, इसके लिए पारादीप, मरीन, जटाधार एस्टूरी, लॉक और अभयचंदपुर पुलिस स्टेशनों की पुलिस मौके पर पहुंच गई. आग लगने का असल कारण तो सामने नहीं आया है पर आशंका जताई जा रही है कि नाव में खाना पकाया जा रहा था, इस दौरान गैस रिसाव हो गया और आग लग गई. सबी नाव में डीजल और गैस के टैंक होते हैं, जिस वजह से आग आग काफी ज्यादा तेज फैल गई. आग जोर-जोर से जल रही थी. वजह थी कि नाव पर गैस, लकड़ी, जाल और फाइबर जैसी चीजें वहां थी. आग के कारण 10 से ज्यादा गैस के टैंक भी फट गए. बता दें, मछली पकड़ने वाले के बंदरगाह में करीब 650 बड़ी नावें और 400 नौकाएं होती हैं. नौकाएं कई-कई दिनों तक समुद्र के गहरे पानी में मछली पकड़ने जाती हैं. इसलिए उनके पास 500 लीटर से लेकर 3000 हजार लीटर तक के डीजल भंडारण की क्षमता होती है. चूंकि नाव कई-कई दिनों तक समुद्र में ही रहती है, इसलिए खाना पकाने के लिए नाव में आवश्यक जाल, गैस सिलेंडर और लकड़ियां वगैरह पड़ी होती हैं. इनकी वजह से आग और तेजी से फैल गई. आग पर काबू पा लिया गया है।

## मनमोहन सिंह के परिवार ने दी समाधि की मंजूरी, राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा स्मारक

नईदिल्ली,(आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार ने उनकी समाधि के लिए अपनी लिखित मंजूरी दे दी है। डॉ सिंह की समाधि दिल्ली में राजघाट के निकट राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर 900 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह परिवार ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल का दौरा किया था, जिसके बाद डॉ सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने सरकार को स्वीकृति पत्र भेजा है। निरीक्षण के दौरान सिंह की बेटियां उपिंदर और दमन भी मौजूद थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, स्मृति स्थल पर सिर्फ 2 भूखंड खाली पड़े थे, जिनमें एक भूखंड इस साल जनवरी में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के परिवार को दिया गया था। दूसरा 900 वर्ग मीटर का भूखंड स्मृति स्थल के बीच में है, जो अब सिंह के परिवार को दिया गया है। उपिंदर ने बताया कि भूमि एक ट्रस्ट को आवंटित की जानी है, वे स्मारक के लिए 25 लाख रुपये तक के एकमुश्त अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में 2013 में सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजघाट के पास एक साझा स्मारक भूमि के निर्माण को मंजूरी दी थी। तब मंत्रिमंडल ने यह भी कहा था कि दिवंगत पूर्व राष्ट्रपतियों, उपराष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार भी स्मृति स्थल पर किया जाएगा। हालांकि, सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर हुआ था। परिसर में 9 समाधि स्थल हैं, जिनका वास्तुशिल्प डिजाइन समाधि स्थल के समान है। राष्ट्रीय स्मृति स्थल परिसर में कुल 9 स्मारक हैं, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, इंद्र कुमार गुजराल, अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन, पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, प्रणब मुखर्जी, के आर नारायणन और मनमोहन सिंह शामिल हैं।

## भाषा मुद्दे पर शाह ने स्टालिन पर निशाना साधा, मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा तमिल में देने को कहा



रानीपेट (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा शुरू करने को कहा. भाषा के मुद्दे विशेष रूप से स्टालिन के हिंदी विरोध को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए और अब यह सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के उम्मीदवार अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें।

चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं. उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की संस्कृति ने भारत की सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शाह ने कहा कि चाहे वह प्रशासनिक सुधार हो, आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करना हो, शिक्षा हो या राष्ट्र की एकता और अखंडता हो, तमिलनाडु ने हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया है. इस कार्यक्रम में अर्द्धसैनिक बल के टुकड़ियों का मार्च पास्ट, योग प्रदर्शन और कमांडो अभियान का प्रदर्शन किया गया।

### स्टार्टअप में नुकसान होने से सॉफ्टवेयर इंजीनियर टूटा, 12वीं मंजिल से कूदकर जान दी

बेंगलुरु,(आरएनएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 30 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने स्वास्थ्य समस्याओं और स्टार्टअप में हुए नुकसान की वजह से अपनी जान दे दी। युवक की पहचान मयंक राजानी के रूप में हुई है, जिन्होंने कुडलू के पास हरलुर रोड पर स्थित अपने अपार्टमेंट की 12वीं मंजिल से कूदर आत्महत्या की है।जिस समय उन्होंने अपनी जान दी, उस समय उनकी महिला मित्र बेडरूम में सो रही थी। घटना 4 मार्च सुबह 6 बजे की बताई जा रही है।राजानी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। वह 2018 में बेंगलुरु चले गए थे और घर के ही पास एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते थे।घटना की सूचना के बाद उनके पिता मनोहर लाल बेंगलुरु पहुंचे और परप्पना अग्रहारा पुलिस में अपनी शिकायत दी है। हालांकि, उन्होंने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।राजानी एक अन्य सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ अपना कमरा साझा करते थे और यह बात दोनों के परिवारों को पता थी।

## कटक में इमारत में आग लगने से दो व्यक्ति घायल



भुवनेश्वर (ए.)। ओडिशा के कटक में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में बृहस्पतिवार देर रात आग लग जाने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटें मर्कटनगर थाना क्षेत्र के सीडीए सेक्टर 7 स्थित इमारत के गैराज में देर रात करीब ढाई बजे देखी गईं। उन्होंने बताया कि ऐसा संदेह है कि आग गैराज में लगे ईवी चार्जिंग पॉइंट से लगी, लेकिन इसका सही कारण पूरी जांच के बाद ही पता चल पाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने में दमकल कर्मियों को दो घंटे से अधिक का समय लगा। उन्होंने बताया कि आग में गैराज में खड़ी एक कार, दो बाइक और कुछ साइकिल जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि आग इमारत के अन्य हिस्सों में भी फैल गई। पुलिस ने बताया कि घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि ये व्यक्ति इमारत में किराये पर रह रहे थे।

## दिल्ली में आईएफएस अधिकारी जितेंद्र रावत ने आवासीय कॉलोनी की छत से कूदकर जान दी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी जितेंद्र रावत ने गुरुवार को इमारत की छत से कूदकर अपनी जान दे दी।

रावत विदेश मंत्रालय की आवासीय कॉलोनी में प्रथम तल पर रहते थे। उन्होंने छत से कूदकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

पुलिस को जांच में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि रावत कॉलोनी के आवास में सिर्फ अपनी मां के साथ रह रहे थे। उनकी पत्नी और 2 बच्चे उत्तराखंड के देहरादून में रहते हैं।जिस समय रावत ने जान दी, उस समय घर पर उनकी मां मौजूद थीं। रावत को लेकर जानकारी सामने आई है कि वह अवसाद से ग्रसित थे और अपना इलाज करा रहे थे। पुलिस ने उनके परिवार को सूचना दे दी है।

## बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री ने बदला सड़क का नाम, राजनीति गर्माई

नई दिल्ली,(आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सड़क के नाम को लेकर जंग छिड़ गई है. ताजा जानकारी के मुताबिक बीजेपी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने आवास पर लगी नेमप्लेट में सड़क का नाम बदल दिया है. पहले दोनों के आवास पर तुगलक रोड लिखा था, अब दोनों नेताओं ने स्वामी विवेकानंद मार्ग लिख दिया है. ऐसा होते ही राजनीति गर्मा गई है।

बीजेपी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने नए आवास पर सड़क का नया नाम 6-स्वामी विवेकानंद मार्ग (पहले तुगलक रोड) लिखा है. उन्होंने विधि-विधान से गृह-प्रवेश किया है. वीडियो जारी होते ही विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

राजधानी दिल्ली में किसी भी रोड का नाम ऐसे ही नहीं बदल जाता. इसके लिए सबसे पहले दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को एक प्रस्ताव भेजा जाता है. इस प्रस्ताव पर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की 13 सदस्यों की एक टीम विचार करती है. इसके बाद अगर प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो एनडीएमसी पोस्ट मास्टर जनरल को इसकी जानकारी दी जाती है।

इससे पहले भी कई बार मुगल शासकों के नाम पर जो सड़क हैं उनका नाम बदलने की मांग होती रही है. अकबर रोड का नाम संभाजी के नाम पर करने की भी मांग की जा रही है।




कोलकाता के जादवपुर इलाके में राज्य सरकार और छात्रों पर कथित हमले के खिलाफ रैली में छात्र और नागरिक भाग लेते हुए.

## राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अहमदाबाद, राजनीतिक मामलों को लेकर की बैठक

अहमदाबाद,(आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज शुक्रवार से अहमदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर हैं. जानकारी के मुताबिक वे अहमदाबाद पहुंच चुके हैं और उन्होंने राजीव गांधी भवन में गुजरात कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में भाग लिया. इसके अलावा वे दो दिन राज्य के विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर गुजरात में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। राहुल के गुजरात दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बयान जारी करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने पहले कहा था कि पार्टी 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव जीतेगी और वह अगला विधानसभा चुनाव लड़ने का काम शुरू करने के लिए राज्य में आ रहे हैं. राहुल गांधी के कार्यक्रम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और पूर्व विपक्ष के नेताओं से मुलाकात करेंगे और राज्य राजनीतिक मामलों की समिति के साथ भी बैठक करेंगे.इसके बाद शाम को वे लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के जिला और शहर अध्यक्षों के साथ-साथ तालुका और नगर पालिका प्रमुखों से मिलेंगे. शाम 5 से 7 बजे के बीच वह सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे. राहुल शनिवार को अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और उसी दिन दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना होंगे. जानकारी के मुताबिक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का अधिवेशन अगले महीने 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित होने वाला है।

## वन नेशन, वन इलेक्शन से विकास को मिलेगी रफ्तारः अर्जुन राम मेघवाल

जयपुर,(आरएनएस)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपनी राय रखते हुए कहा कि अगर पूरे देश में चुनाव एक साथ होते हैं, तो इसमें कोई नुकसान नहीं है. उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से पूरे साल आदर्श आचार संहिता लागू रहती है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं. अगर चुनाव एक साथ होंगे, तो सरकार को पूरे पांच साल तक बिना किसी रुकावट के काम करने का मौका मिलेगा।

आज जयपुर के चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में वन नेशन, वन इलेक्शन पर आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष सिंघी उपस्थित रहे. इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है और एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर एक विधेयक संसद में पेश किया गया है. फिलहाल, यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास है, और उम्मीद है कि जल्द ही इसे मंजूरी मिलने के बाद सरकार को भेजा जाएगा।

कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि अलग-अलग समय पर चुनाव होने के कारण देश में सालभर कहीं न कहीं आदर्श आचार संहिता लागू रहती है, जिससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ता है. यदि पूरे देश में चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो इससे न केवल प्रशासनिक बोझ कम होगा, बल्कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी. इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष सिंघी ने भी वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी और प्रशासन पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव भी कम होगा. उन्होंने इस पहल को देश के आर्थिक विकास के लिए जरूरी बताय. गौरतलब है कि केंद्र सरकार लंबे समय से वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा को लागू करने की दिशा में प्रयासरत है।

# 'जन औषधि' पहल 'स्वस्थ भारत, समर्थ भारत' के संकल्प को और मजबूत कर रही है : आदित्यनाथ



लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की' जन औषधि' पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह 'स्वस्थ भारत, समर्थ भारत' के संकल्प को और सशक्त बना रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सात मार्च को मनाए जा रहे 'जन औषधि दिवस' पर जेनेरिक दवाओं के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवा पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आमजन को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ दवाएं उपलब्ध कराने की युगांतरकारी पहल जनऔषधि दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना' के अंतर्गत 'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों' की स्थापना 'स्वस्थ्य भारत-समर्थ भारत' के संकल्प को और सशक्त बना रही है। आदित्यनाथ ने कहा, ''इन केंद्रों पर जीवनरक्षक दवाओं के साथ अन्य दवाएं बाजार मूल्य से सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बना रही है।

## सुप्रीम कोर्ट के जज होंगे जस्टिस जॉयमाल्या बागची, कॉलेजियम ने की सिफारिश

नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जॉयमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। यदि उनकी नियुक्ति मंजूर होती है, तो वे 2 अक्टूबर 2031 तक भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बनने की कतार में होंगे। जस्टिस जॉयमाल्या बागची को 27 जून 2011 को कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। 4 जनवरी 2021 को वे आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर किए गए। 8 नवंबर 2021 को उन्हें दोबारा कलकत्ता हाईकोर्ट में भेजा गया, जहां वे वर्तमान में कार्यरत हैं। वे 13 वर्षों से अधिक समय तक हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे चुके हैं। 25 मई 2031 को जस्टिस केवी विश्वनाथन के रिटायर होने के बाद, जस्टिस बागची भारत के चीफ जस्टिस बनने की कतार में होंगे। उनका कार्यकाल 2 अक्टूबर 2031 तक रहेगा। कलकत्ता हाईकोर्ट से 2013 के बाद कोई भी मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) नहीं बना है। कलकत्ता हाईकोर्ट का प्रतिनिधित्व सुप्रीम कोर्ट में कम है। जस्टिस बागची चीफ जस्टिस सहित हाईकोर्ट के जजों की ऑल इंडिया सीनियरिटी लिस्ट में 11वें स्थान पर हैं। उनका अनुभव और न्यायिक योग्यता उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज बनने के योग्य बनाते हैं। अब यदि सरकार इस सिफारिश को मंजूरी प्रदान कर देती है, तो जस्टिस बागची जल्द ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# अपने पति को बहुत मिस कर रही है मौनी रॉय



मुंबई (ए.)। हाल ही में अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपने पति सूरज नांबियार के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं और बताया कि जब दोनों अलग-अलग देशों में काम कर रहे होते हैं, तो वह अपने पति को बहुत मिस करती हैं। मौनी ने इंस्टाग्राम पर पारंपरिक परिधानों में कुछ तस्वीरें साझा कीं। पहली तस्वीर में मौनी और सूरज भारतीय वेशभूषा में नजर आ रहे हैं, सूरज सफेद कुर्ता पहने हुए दिख रहे हैं, जबकि मौनी सफेद और सुनहरे रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दूसरी तस्वीर में दोनों रोमांटिक अंदाज में कैमरे के लिए पोज देते नजर आए, जिसमें मौनी अपने पति को गले लगाती दिख रही हैं।

अभिनेत्री ने तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा, मुझे अपने पति की याद आती है जब हमें अलग-अलग देशों में काम करना पड़ता है। मुझे हम दोनों की ये तस्वीरें बहुत पसंद हैं। मौनी रॉय ने जनवरी 2022 में बिजनेसमैन सूरज नांबियार से शादी की थी। यह शादी गोवा में पारंपरिक बंगाली और मलयालम रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों अपनी प्यारी जोड़ी और खूबसूरत केमिस्ट्री के लिए फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। मौनी रॉय जल्द ही संजय दत्त के साथ फिल्म द भूतनी में नजर आने वाली हैं। यह एक एक्शन-हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो 18 अप्रैल को रिलीज होगी।

हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसमें डरावने सीन के साथ-साथ मजेदार कॉमेडी भी देखने को मिली। फिल्म में मौनी और संजय दत्त के अलावा सनी सिंह, पलक तिवारी, निकुंज लोटिया (बेयूनिक) और आसिफ खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। पहले इस फिल्म का टाइटल द वर्जिन ट्री रखा गया था, लेकिन बाद में इसे बदलकर द भूतनी कर दिया गया। मौनी रॉय के फैंस उनकी इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्हें एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ की झलकियां शेयर करती रहती हैं।

# शनाया कपूर ने इस फिल्म से शुरू किया एक्टिंग करियर, अपनी पोस्ट से सबको चौंकाया

संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर जल्द ही एक्टिंग में डेब्यू करने जा रही हैं। काफी दिनों से उनकी फिल्म की शूटिंग टल रही थी। कई बार फिल्म की शूटिंग टलने के बाद आखिरकार शनाया एक अभिनेत्री के बतौर काम करने जा रही हैं। शुक्रवार को शनाया ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की जिसमें वह 'आंखों की गुस्ताखियां' सेट पर नजर आ रही हैं।

### शनाया की फिल्म की शुरू हुई शूटिंग

शनाया ने जो पोस्ट शेयर की है उसमें देखा जा सकता है कि शनाया ने फिल्म का एक क्लिपबोर्ड ले रखा है। वह मुस्कुरा रही हैं और क्लिपबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं। इस पर फिल्म का नाम 'आंखों की गुस्ताखियां' लिखा हुआ है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है 'आभार'।



# 'इन गलियों में' का ट्रेलर जारी, सोशल मीडिया के दुनिया में सच्ची प्रेम कहानी दिखाएगी फिल्म



'इन गलियों में' फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। फिल्म में आज के जमाने की प्रेम कहानी दिखाई गई है, जहां दो दिल सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ते हैं, लेकिन अपने प्यार को हासिल करने के लिए उन्हें दुनिया से लड़ना है, जिसकी सच्चाई यह है कि वह अलग-अलग मजहबों में दोस्ती तो बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन प्रेमी नहीं।

### फिल्म का ट्रेलर

अपने होली सॉन्ग 'उड़ा हवा में रंग है' से लोगों का दिल जीतने के बाद अब फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लोगों को आकर्षित कर रहा है। अविनाश दास के निर्देशन में बनी यह फिल्म आज की दुनिया में प्यार, सामाजिक रिश्तों और सोशल मीडिया की ताकत पर आधारित है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि सोशल मीडिया के जरिए विवान शाह को अवंतिका से प्यार हो जाता है और अभिनेत्री को प्रपोज करने में वह खूब पापड़ बेलते हैं।

### प्यार पाने की जद्दोजहद

हालांकि, जब दोनों के बीच प्यार होता है, तब समाज की वो परेशानी उनके सामने आती है, जिससे लड़ने में खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। कहानी उन गलियों की है, जहां हिंदू-मुस्लिम साथ रहते तो हैं, लेकिन दिल से साथ नहीं दिखते। वहीं, सोशल मीडिया पर दोनों के प्यार को लोग समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में दो प्रेमियों का प्यार क्या उनके रीति-रिवाजों से आगे बढ़ अपनी मंजिल हासिल करेगा या नहीं? यह फिल्म में ही पता चलेगा।

### फिल्म के कलाकार

अवंतिका और विवान शाह फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ जावेद जाफरी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यदुनाथ फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत 'इन गलियों में' विनोद यादव और नीरू यादव द्वारा निर्मित और जांनिसार हुसैन, आदर्श सक्सेना, संजीव गोस्वामी और अल्कोर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित है। अविनाश दास द्वारा निर्देशित यह फिल्म 14 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अंकिता लोखंडे पति से बोली- 'झगड़ा हो जाएगा', विक्की जैन ने अभिनेत्री की सलाह नहीं मानी



हाल ही में टीवी, फिल्म एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अपने होम टाउन इंदौर पहुंची थी। यहां उन्होंने अपनी पुरानी यादें ताजा की। इस ट्रिप पर उनके पति विक्की जैन भी साथ थे। अपने होमटाउन में अंकिता ने विक्की को ऐसी सलाह दी कि उन्होंने मनाने से इंकार कर दिया।

अंकिता लोखंडे इंदौर में पली-बढ़ी हैं। लेकिन एक्ट्रेस बनने के लिए वह सालों पहले मुंबई चली आईं। टीवी सीरियल्स और फिल्मों में काम किया। कुछ साल पहले उनकी शादी बिजनेसमैन विक्की जैन से हुई। पिछले दिनों वह पति विक्की जैन के साथ अपने होमटाउन इंदौर पहुंची। अपने बचपन की यादें ताजा कीं। इस मौके पर अंकिता ने विक्की को ऐसा कुछ कहा, जिससे मानने से उन्होंने साफ इंकार दिया। दोनों के बीच इस बात को लेकर बहस भी हुई। ये सारी बातें उनके बनाए व्लॉग में रिकॉर्ड हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

### अंकिता ने पति को क्या सलाह दी

अंकिता अपने व्लॉग में पति विक्की को कहती हैं कि इंदौर में उनकी एक रिश्तेदार हैं, जो उनकी कपल काउंसलिंग कर सकती हैं। इस पर विक्की बोले कि उन्होंने काउंसलिंग की जरूरत नहीं है, लेकिन अंकिता को है। इस पर अंकिता नाराज हो गई।

### अंकिता ने कहा मेरा दिमाग ठीक है

पति विक्की की बात का जवाब देते हुए अंकिता आगे कहती हैं, ' विक्की की यही समस्या है कि वो खुद को परफेक्ट समझता है।' ऐसे में विक्की जवाब देते हैं कि वह परफेक्ट नहीं, लेकिन उनका दिमाग जरूर ठीक है। ऐसे में अंकिता फिर कहती हैं, 'मेरा दिमाग तुमसे ज्यादा सही है, इसलिए तो मैं तुम्हें बर्दाशत कर लेती हूं।' आखिर में अकिंता कहती हैं कि बहस खत्म करते हैं वरना झगड़ा हो जाएगा।'

### बिग बॉस 17 में हुई अंकिता-विक्की की बहस


यह पहली बार नहीं है कि अंकिता लोखंडे और उनके पति पब्लिक प्लेटफॉर्म पर यूं बहस कर रहे हों। दोनों ने रियालिटी शो 'बिग बॉस 17' में हिस्सा लिया था। इस शो में भी वह अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ते-झगड़ते थे।

# बालासाहेब ठाकरे ने हमारी बहुत मदद की थीः शत्रुघ्न सिन्हा

हाल ही में अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने एक बुक लॉन्च इवेंट में अपने पुराने दोस्तों को याद किया और संजय दत्त को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। शत्रुघ्न सिन्हा ने बताया कि जब संजय दत्त जेल में थे, तो उनके परिवार और दोस्तों को उनकी बहुत चिंता थी। सभी चाहते थे कि वह जल्द से जल्द जेल से बाहर आएं। उन्होंने इस दौरान शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की भूमिका का जिक्र किया और कहा, बालासाहेब ठाकरे ने हमारी बहुत मदद की थी। उनकी वजह से ही हमें संजय से मिलने का मौका मिला और उनकी रिहाई संभव हो पाई। जब संजय दत्त जेल से बाहर आए, तो वह सबसे पहले शत्रुघ्न सिन्हा के घर पहुंचे। इस पर शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, संजय दत्त ने रिहा होते ही सबसे पहले मेरे घर आकर मुझसे मुलाकात की। इसके बाद हम सभी राजन लाल के घर पर भी मिले। लेकिन समय के साथ उनके रिश्तों में बदलाव आ गया।

# वेब सीरीज महारानी के चौथे सीजन का टीजर रिलीज

मुंबई (ए.)। चर्चित वेब सीरीज महारानी के चौथे सीजन का टीजर जारी कर दिया है। बिहार की राजनीति के जटिल समीकरणों पर आधारित इस वेबसीरीज के टीजर में हुमा कुरैशी द्वारा निभाए गए किरदार रानी भारती की सत्ता में जबरदस्त वापसी देखने को मिली। सत्ता के खेल में माहिर रानी भारती इस बार अपने विरोधियों को सीधी चुनौती देती नजर आ रही हैं। टीजर में हुमा कुरैशी कुर्सी पर बैठी दिखाई देती हैं और दमदार डायलॉग बोलते हुए कहती हैं, किसी ने हमको गंवार कहा, किसी ने हत्यारन, तो किसी ने भावी प्रधानमंत्री। हमको सत्ता से नहीं, परिवार से मोह है। काहे कि बिहार ही हमरा असली परिवार है और अगर कोई हमारे परिवार को नुकसान पहुंचाए तो हम सत्ता हिला देंगे। इस डायलॉग के जरिए साफ हो जाता है कि इस बार की कहानी में सियासी दांव-पेंच और भी




दिलचस्प होने वाले हैं।

महारानी वेब सीरीज का पहला सीजन 2021 में आया था, जिसमें एक साधारण गृहिणी से मुख्यमंत्री बनने तक की कहानी दिखाई गई थी। राजनीतिक साजिशों और सत्ता के संघर्ष से भरी इस कहानी ने दर्शकों को खूब लुभाया। दूसरा सीजन 2022 में और तीसरा सीजन 2024 में आया था, जिसमें रानी भारती के चरित्र को और अधिक परिपक्व और मजबूत दिखाया गया। अब चौथे सीजन में हुमा कुरैशी के किरदार को पहले से ज्यादा आक्रामक और राजनीतिक रूप से कुशल दिखाया जा रहा है। इस सीरीज के निर्माता सुभाष कपूर हैं, जबकि निर्देशन सौरभ भावे ने किया है।

कहानी को उमाशंकर सिंह, सुभाष कपूर और नंदन सिंह ने मिलकर लिखा है। इस बार भी कहानी में सत्ता की उठापटक, राजनीतिक साजिशें और व्यक्तिगत संघर्षों का दिलचस्प मिश्रण देखने को मिलेगा। वेब सीरीज में हुमा कुरैशी के साथ अमित सियाल, विनीत कुमार, सोहम शाह, कनी कुसरुति, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिव्येंदु भट्टाचार्य और प्रमोद पाठक भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# रोजाना खाएं एक कटोरी फल, मिल सकते हैं कई फायदे

फल हमारे आहार का अहम हिस्सा होते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। रोजाना एक कटोरी फल खाने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं और कई बीमारियों से बचाव होता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे फल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और हमें स्वस्थ जीवन जीने में मदद करते हैं।



### ऊर्जा का बेहतरीन स्त्रोत

फल प्राकृतिक शक्कर का अच्छा स्त्रोत होते हैं, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है।जब आप थकान महसूस करते हैं या दिनभर की भागदौड़ में ऊर्जा की कमी होती है तो एक कटोरी फल खाना आके लिए फायदेमंद हो सकता है।यह न केवल आपकी थकान दूर करेगा बल्कि आपको ताजगी भी महसूस कराएगा, खासकर केला और अंगूर जैसे फल तुरंत ऊर्जा देने के लिए जाने जाते हैं।

### पाचन तंत्र को सुधारें

फलों में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करता है।अगर आपका पाचन सही नहीं रहता है तो कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में रोजाना एक कटोरी फल खाने से आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट साफ रहता है। संतरा, पपीता और अमरूद जैसे फलों का सेवन आपके पेट के लिए बहुत लाभकारी होता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

फलों में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे आप सर्दी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों से बच सकते हैं और आपकी त्वचा भी निखरी रहती है।

नींबू, संतरा और आंवला जैसे फलों का सेवन आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती दे सकता है। ये फल न केवल आपकी सेहत को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको ऊर्जावान भी रखते हैं।

### वजन घटाने में है सहायक

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो फल आपके सबसे अच्छे साथी साबित हो सकते हैं।

इनमें कैलोरी कम होती है, लेकिन पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जिससे आपका पेट भरा रहता है और भूख कम लगती है। फल खाने से आप अनावश्यक चर्बी से बच सकते हैं।

तरबूज, खीरा और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का सेवन वजन घटाने के लिए बहुत प्रभावी होता है।

### दिल की सेहत बनाए रखें

फलों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल की धमनियों को साफ रखते हैं और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जिससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

अनार, सेब और अंगूर जैसे फलों का सेवन करने से आपके दिल की सेहत अच्छी रहती है। ये फल न केवल आपके दिल को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आपके शरीर को भी जरूरी पोषण देते हैं।

# क्या रोजाना आलू खाना सेहत के लिए सही है? जानें संभावित स्वास्थ्य समस्याएं

*आलू एक ऐसा खाद्य पदार्थ है, जो लगभग हर घर में पाया जाता है। यह सस्ता और आसानी से उपलब्ध होता है इसलिए लोग इसे अपने रोजमर्रा के खाने में शामिल करते हैंहालांकि, क्या रोजाना आलू खाना सेहत के लिए सही है? इस सवाल का जवाब जानने के लिए हमें इसके पोषण तत्वों और इससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान देना होगा।आइए जानते हैं।*



### वजन बढ़ने का खतरा

आलू में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में चर्बी के रूप में जमा हो सकती है।

अगर आप रोजाना आलू खाते हैं तो यह आपके वजन को बढ़ा सकता है, खासकर जब इसे तला हुआ या घी-तेल में पकाया जाता है तो इसका कैलोरी स्तर और भी बढ़ जाता है।

इसलिए अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो आलू का सेवन सीमित मात्रा में करें।

### ब्लड शुगर के स्तर पर असर

आलू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स उच्च होता है, जिसका मतलब यह जल्दी पचता और ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से बढ़ाता है।मधुमेह के मरीजों को खासतौर पर इसका ध्यान रखना चाहिए क्योंकि इससे उनका ब्लड शुगर लेवल असंतुलित हो सकता है।अगर आपको मधुमेह नहीं भी हो तब भी नियमित रूप से ज्यादा मात्रा में आलू खाने से भविष्य में समस्या हो सकती है।

### पोषक तत्वों की कमी

आलू में विटामिन-सी और पोटैशियम जैसे कुछ जरूरी पोषक तत्व होते हैं, लेकिन इसमें प्रोटीन और फाइबर की कमी होती है।अगर आपका आहार मुख्य रूप से आलू पर आधारित होता जा रहा है तो आपको अन्य जरूरी पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, जो आपकी समग्र सेहत को प्रभावित कर सकती है।इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने खाने में अन्य सब्जियों और खाद्य पदार्थों को भी शामिल करें।

### हृदय रोग का खतरा

तले हुए या अत्यधिक मसालेदार आलू खाने से हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। इनमें ट्रांस फैट्स होते हैं, जो दिल की धमनियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।नमक की अधिकता भी रक्तचाप को प्रभावित कर सकती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।इसलिए अगर आप अपने दिल की सेहत को बनाए रखना चाहते हैं तो तले हुए आलुओं का सेवन कम करें।

### पाचन तंत्र पर प्रभाव

आलुओं में फाइबर कम होने के कारण ये पाचन तंत्र को सुचारु रखने में मदद नहीं करते हैं।इसके विपरीत ज्यादा मात्रा में इनका सेवन करने से कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने आहार में फाइबर युक्त सब्जियों जैसे पालक या ब्रोकली को शामिल करें ताकि आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहे। इस प्रकार देखा जाए तो रोजाना आलू खाना कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता हैं।

## विविध-समाचार

### 2 अप्रैल तक नहीं लगेगा टैरिफ, मेक्सिको और कनाडा को राष्ट्रपति ट्रंप ने दी बड़ी राहत

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि मेक्सिको से आयातित अधिकांश वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क एक महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय मैक्सिको के राष्ट्रपति के साथ वार्ता के बाद लिया गया। वहीं, कनाडा को भी 2 अप्रैल तक कुछ वस्तुओं पर टैरिफ नहीं देना होगा। दोनों देशों को यह छूट उन वस्तुओं के लिए दी गई है जो यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको कनाडा समझौते के तहत आती हैं। ट्रंप ने गुरुवार को उन कागजातों पर हस्ताक्षर किए, जो मेक्सिको और कनाडा के उन सभी टैरिफ को लगभग एक महीने के लिए टाल देंगे।

अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने पहले ही संकेत दे दिया था कि राष्ट्रपति कुछ टैरिफ में कटौती कर सकते हैं। लुटनिक ने कहा था कि राष्ट्रपति 5 मार्च की शुरुआत में कनाडा और मेक्सिको पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में से कुछ को कम कर सकते हैं। लुटनिक ने जोर देकर कहा कि पारस्परिक शुल्क, जिसमें अमेरिका उन देशों पर आयात कर लगाता है जो अमेरिकी निर्यात पर शुल्क लगाते हैं, दो अप्रैल से लागू होंगे। लुटनिक के बयान के तुरंत बाद अमेरिकी बाजारों में थोड़ी स्थिरता आई। यह दूसरी बार है जब ट्रंप ने फरवरी की शुरुआत में आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद एक महीने की देरी की है।

### लॉन्च के कुछ ही समय बाद बलास्ट हुआ स्टारशिप रॉकेट, स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कही ये बात

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को गुरुवार को बड़ा झटका लगा। स्पेसएक्स ने गुरुवार को एक टेस्ट उड़ान लॉन्च की थी, लेकिन स्टारशिप रॉकेट ने उड़ान भरने के बाद संपर्क खो दिया। इसी के बाद 123 मीटर का रॉकेट सूर्यास्त से कुछ देर पहले फ्लोरिडा में बलास्ट हो गया। जिसके वीडियो को एलन मस्क ने अपने अधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया है। रॉकेट में हुए धमाके के बाद कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे जिसमें दक्षिणी फ्लोरिडा और बहामास के आसमान में स्टारशिप रॉकेट के मलबे गिरते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कंपनी द्वारा इसे पूरी तरह असफल नहीं बताया गया है। स्पेसएक्स का कहना हैकि इस लॉन्चिंग के दौरान उन्होंने सुपर हेवी बूस्टर पर सफलतापूर्वक काम किया है जिससे उन्हें महत्वपूर्ण डेटा मिला है।

बता दें कि 7 मार्च को स्पेसएक्स ने टेक्सास के बोका चीका स्थित अपने लॉन्च पैड से स्टारशिप को लॉन्च किया था। उड़ान के दौरान सबकुछ सामान्य था और सुपर हेवी बूस्टर का स्पेसएक्स ने सफलतापूर्वक परीक्षण किया। लॉन्च के बाद बूस्टर ने खुद को स्टारशिप से अलग कर लिया है जैसी योजना बनाई गई थी उसी तर्ज पर बूस्टर समुद्र में जा गिरा। इस हिस्से को स्पेसएक्स सफल मान रही है, क्योंकि कंपनी की पुन: प्रयोज्य रॉकेट प्रणाली की विकास की दिशा में यह एक अहम कदम था। हालांकि लॉन्च के कुछ ही मिनटों पर स्पेसएक्स और स्टारशिप के बीच संपर्क टूट गया और अंतरिक्ष में प्रवेश करने से पहले ही स्टारशिप अनियंत्रित हो गया और उसने धमाका हो गया, जिस कारण उसका मिशन अधूरा रहा गया।

## चीन की सेंधमारी : अमेरिकी सेना के तीन जवान जासूसी के आरोप में गिरफ्तार, खुफिया जानकारी बेचने का खुलासा




वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी सेना में चीनी घुसपैठ का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुरुवार को संघीय जांच ब्यूरो ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सेना के तीन जवानों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए जवानों में दो सक्रिय सैनिक और एक पूर्व सैनिक शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने सरकारी संपत्ति की चोरी और रिश्वतखोरी की साजिश रचकर अमेरिकी खुफिया जानकारी चीन को बेची है।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जियान झाओ, ली तियान और रुओयु दुआन के रूप में की गई है। जियान झाओ और ली तियान जॉइंट बेस लुईस-मककॉर्ड में कार्यरत सक्रिय सैनिक हैं, जबकि रुओयु दुआन पूर्व सैनिक है। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, तियान और दुआन पर ओरेगन जिले में रिश्वतखोरी और सरकारी संपत्ति की चोरी की साजिश रचने का आरोप है। वहीं, झाओ पर वाशिंगटन के पश्चिमी जिले में राष्ट्रीय रक्षा जानकारी को अनधिकृत व्यक्तियों तक पहुंचाने, रिश्वतखोरी और सरकारी संपत्ति की चोरी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

जांच एजेंसियों के अनुसार, जियान झाओ ने जुलाई 2024 से अपनी गिरफ्तारी तक, संवेदनशील हार्ड ड्राइव इकट्ठा कर उन्हें चीन में स्थित व्यक्तियों को बेचने की साजिश रची। चौंकाने वाली बात यह है कि इन हार्ड ड्राइव पर सीक्रेट और टॉप सीक्रेट जैसे अति-संवेदनशील निशान लगे हुए थे। बावजूद इसके, झाओ ने उन्हें चीन को बेचने की कोशिश की और इसके बदले में कम से कम 10,000 डॉलर की राशि प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, झाओ पर अमेरिकी सरकार से चुराए गए एक एन्क्रिप्शन-सक्षम कंप्यूटर को भी बेचने का आरोप है।

अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला जे. बॉन्डी ने इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, आज गिरफ्तार किए गए आरोपी हमारे देश के साथ विश्वासघात कर रहे थे। वे अमेरिका की रक्षा क्षमताओं को कमजोर करने और चीन जैसे हमारे विरोधियों को सशक्त करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे थे। उन्हें त्वरित और कठोर न्याय का सामना करना पड़ेगा। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के तहत फल-फूल सकता है, लेकिन अमेरिकी सेना में इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे सैनिक संवेदनशील सैन्य जानकारी के संरक्षक हैं, और एफबीआई और हमारे सहयोगी अमेरिकी सैन्य जानकारी चुराने के किसी भी प्रयास को उजागर करने और सभी जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह महत्वपूर्ण जांच एफबीआई के पोर्टलैंड और सिएटल फील्ड कार्यालयों, और अमेरिकी सेना काउंटरइंटेलिजेंस कमांड द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की गई।

## रमजान के बीच इस मुस्लिम देश में छिड़ा गृहयुद्ध, दोनों तरफ से दागे जा रहे रॉकेट लॉन्चर; 70 की मौत



दशिमक (आरएनएस)। रमजान के महीने में मुस्लिम देश सीरिया में गृहयुद्ध छिड़ गया है। यह गृहयुद्ध असद समर्थक तो दूसरी तरफ सीरिया की सत्ता में बैठी HTS के बीच हो रहा है। गुरुवार देर रात दोनों गुटों के बीच सीरिया के लटाकिया शहर में भीषण जंग छिड़ गई। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक भीषण जंग में करीब 70 लोगों की मौत हुई है। हमलावरों ने एक दूसरे से लड़ने के लिए रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल किया है।

बशर अल असद का तख्तापलट कर सीरिया की सत्ता में आने वाले हयात-ताहिर अल शम के लड़ाके घरों पर गोलियां बरसा रहे हैं। गोलियां बरसाने का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक सीरियाई सुरक्षाबलों ने एक इमारत पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। कहा जा रहा है कि इस इमारत में पूर्व असद शासन के जनरल इटेलिजेंस रह रहे थे।गोलियां चलाने के बाद इंटेलिजेंस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, सीरिया की सीमा में तुर्किए की सेना घुस गई है। तुर्की की सेना बड़े-बड़े टैंक लेकर घुस गई है। एक तरफ रूस से बात कर ट्रंप यूक्रेन में युद्ध रुकवाने की कवायद में जुटे हैं तो दूसरी तरफ हमास और इजराइल को साथ लेकर गाजा में शांति बहाल कर रहे हैं।

### बांग्लादेश में कुछ भी मुमकिन : आवामी लीग नेता के घर पर हमले से लोगों में नाराजगी

ढाका (आरएनएस)। ढाका के एक पॉश इलाके में इस सप्ताह की शुरुआत में आवामी लीग के एक नेता के घर पर आधी रात को हुए हमले के बाद से लोग खासे नाराज हैं। पुलिस की निष्क्रियता और राजनीति से प्रेरित हमलों को लेकर वे मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह घर तनवीर इमाम का था। वह एच टी इमाम के बेटे हैं, जो अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के सलाहकार थे। बुधवार को 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ [जिसमें मुख्यत: छात्र बताए जा रहे हैं] ने फ्लैट में तोड़फोड़ की। उन्होंने आरोप लगाया कि घर अंदर अवामी लीग के कार्यकर्ता छिपे हुए हैं और आसपास कहीं अवैध हथियारों और नकदी का एक बड़ा जखीरा भी छिपा हुआ है। हालांकि, तलाशी के बाद उन्होंने कुछ नहीं मिलने की बात स्वीकार की। सोशल मीडिया पर युवाओं के नेतृत्व में भीड़ द्वारा अवामी लीग विरोधी नारे लगाने और इमारत में तोड़फोड़ करने के वीडियो वायरल हो गए। ढाका पुलिस ने बाद में कहा कि उसने घटना के सिलसिले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन कई लोगों ने दावा किया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तथाकथित तलाशी अभियान के बारे में पहले से ही पता था और वे इसे पहले ही रोक सकते थे।

## एथेना लैंडर चंद्रमा पर उतरा थोड़ी देर बाद हो गया गायब!

### -वैज्ञानिक टेंशन में कि लैंडर चांद की सतह पर सीधा खड़ा है या नहीं

वाशिंगटन,(ए)। अमेरिका की प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद पर उतर गया। इसकी पुष्टि नासा ने की। अब कहा जा रहा है कि इसकी स्थिति की जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं नासा ने लाइव टेलिकास्ट भी बंद कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पता नहीं चल पा रहा कि लैंडर चांद की सतह पर सीधा खड़ा है या नहीं। मीडिया रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि मिशन की पुष्टि को लेकर समय लग सकता है। मिशन के डायरेक्टर और



कंपनी के टिम क्रेन भी स्पष्ट नहीं कर पाए कि मिशन चंद्रमा पर उतरा भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि लैंडर की स्थिति का पता लगाने की कोशिश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि सतह पर उतरने के बाद भी लैंडर से संपर्क साधा गया था। पिछली बार जब 'इंट्यूटिव मशीन्स' नामक इस कंपनी ने एक साल पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारा था, तो वह तिरछा होकर गिर गया था।कंपनी का सबसे नया 'एथेना लैंडर' योजना के मुताबिक चंद्रमा की कक्षा से बाहर निकल गया है। उसमें एक 'आइस ड्रिल', एक ड्रोन और दो रोवर लगे हैं। एक घंटे तक ऐसा लगा कि यह 'लैंडर' अच्छी तरह उतर रहा है लेकिन मिशन कंट्रोल को उसके उतरने की पुष्टि करने में समय लगा। उन्होंने कहा कि हम यह मूल्यांकन कर रहे हैं कि सतह पर हमारा झुकाव कितना है। अधिकारियों ने बताया कि 'एथेना' कंट्रोलर से संपर्क कर रहा था और सौर ऊर्जा पैदा कर रहा था लेकिन लैंडिंग के 20 मिनट बाद भी क्रेन यह पुष्टि करने में असमर्थ था कि लैंडर के साथ सब कुछ ठीक है या नहीं। नासा और इंट्यूटिव मशीन्स ने इस लैंडिंग का सीधा प्रसारण बंदर करते हुए कहा कि बाद में वे और जानकारियां साझा करेंगे।

## खेल समाचार

## साक्षी मलिक का महिला दिवस पर 'निडर' संदेश: 'किसी से डरने की जरूरत नहीं, अपना सर्वश्रेष्ठ दें'

नई दिल्ली (आरएनएस)। जब दुनिया 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए तैयार हो रही है, पूर्व पहलवान और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने महिलाओं के जीवन में होने वाले दैनिक संघर्षों पर प्रकाश डाला और हर दिन महिलाओं की ताकत और लचीलेपन को पहचानने की वकालत की, साथ ही महिलाओं द्वारा पार की जाने वाली रोजमर्रा की लड़ाइयों को स्वीकार करने का आग्रह किया।2016 में, साक्षी ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं, जब उन्होंने रियो में 58 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने धारणाओं को बदल दिया है और महिला पहलवानों की भावी पीढ़ियों के लिए एक आदर्श बन गई हैं।'आईएएनएस' से बात करते हुए, साक्षी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार साझा किए और कहा कि महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न सिर्फ एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, इसे हर दिन पहचाना और सम्मानित किया जाना चाहिए।साक्षी ने कहा, महिलाओं के लिए सिर्फ एक दिन खास नहीं होना चाहिए, हर दिन महिला दिवस होना चाहिए, क्योंकि एक महिला को जीवन भर संघर्षों का सामना करना पड़ता है। मेरा उदाहरण लें: मैंने बहुत कम सुविधाओं के साथ कुश्ती शुरू की, कई संघर्षों से गुजरी और फिर कुछ हासिल किया। अब मैं एक मां हूं , रेलवे में



नौकरी करते हुए अपने बच्चे को संभाल रही हूं। साक्षी का मानना है कि अगर एक महिला अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित, केंद्रित और अनुशासित है, तो वह कुछ भी हासिल कर सकती है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लड़के और लड़कियों के बीच बहुत भेदभाव होता था। हालांकि, इस मानसिकता में बदलाव आया है और लोग अपनी बेटियों को अपने-अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले हरियाणा में लड़के और लड़कियों के बीच भेदभाव होता था, लेकिन मेरे पदक जीतने के बाद जागरूकता बढ़ी और लोगों ने अपनी बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना शुरू कर दिया। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। अगर आप केंद्रित और अनुशासित हैं, तो आप कुछ भी हासिल कर सकती हैं। साक्षी ने महिला एथलीटों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में भी बात की और अपनी यात्रा में आने वाले संघर्षों पर प्रकाश डाला। महिला एथलीटों का करियर पुरुषों की तुलना में छोटा होता है। आपका करियर चाहे कितना भी लंबा क्यों न हो, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हमने मैट पर और मैच के बाहर दोनों जगह लड़ना सीखा है। आप जिस भी क्षेत्र में हों, काम करते रहें। पूर्व पहलवान, जो वर्तमान में मातृत्व को गले लगा रही हैं, ने निष्कर्ष निकाला, भले ही मैंने कुश्ती से संन्यास ले लिया है, लेकिन मैं खेलों से जुड़ी रहना चाहती हूं। मेरी 3 महीने की बेटी है और मैं फिर से फिटनेस हासिल कर रही हूं।

### गोल्डन बैट की रेस में शामिल हैं रचिन रविंद्र, विराट कोहली

**-भारत और न्यूजीलैंड फाइनल के बाद मिलेगा खिताब**

नईदिल्ली, (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी. इस टूर्नामेंट में अब तक टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन रहा है. भारत ने अब तक सभी 4 मैचों में जीत हासिल किया है. वहीं न्यूजीलैंड ने एक मैच में हार का सामना किया है. वो मैच भी भारत के खिलाफ था. इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. इससे पहले चलिए जानते हैं कि कौन-कौन से खिलाड़ी गोल्डन बैट की रेस में सबसे आगे हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक इंग्लैंड के बेन डकेट ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और गोल्डन बैट की रेस में सबसे आगे हैं. डकेट ने चैंपियंस ट्रॉफी के 3 मैचों में 227 रन बनाए हैं, लेकिन इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई. ऐसे में अब भारत और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के पास गोल्डन बैट को अपने नाम करने का मौका है. न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र डकेट से सिर्फ एक रन पीछे हैं. उन्होंने 3 मैच में 226 रन बनाए हैं. उन्होंने 2 मैचों में शतक लगाया है।

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी इस लिस्ट में शामिल हैं. कोहली ने 4 मैचों में 217 रन बनाए हैं. इस दौरान कोहली ने एक शतक लगाया है. इसके अलावा श्रेयस अय्यर भी इस रेस में शामिल हैं. अय्यर ने 4 मैच में 195 रन बनाए हैं. इसके बाद न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और टॉम लेथम भी सबको पीछे छोड़ सकते हैं. लेथम और विलियमसन ने क्रमश: 191 और 189 रन जड़े हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई खुश

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रही है. ग्रुप स्टेज के 3 मैच और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच चुकी है. 9 मार्च को फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा. भारत की चैंपियंस ट्रॉफी के सफर में श्रेयस अय्यर की बेहद अहम भूमिका रही है. श्रेयस ने बेहद मुश्किल समय से टीम को निकालते हुए मैच विजयी पारियां खेली हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के अबतक के4 मैच में लगभग ऐसा हुआ है कि टीम इंडिया अबतक अपने शुरूआती विकेट खोकर मुश्किल में दिखती रही है. लेकिन चौथे नंबर पर बैटिंग करने आने वाले श्रेयस क्रीज पर अपनी पैर जमाते हैं और टीम को हर बार मुश्किल से निकाल ले जाते हैं. बांग्लादेश के खिलाफ हुए मैच को छोड़ दें तो पाकिस्तान के मैच में श्रेयस ने 56 रन बनाए थे और विराट के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने 30 रन पर 3 विकेट खो दिए थे. श्रेयस ने 79 रन की पारी खेली थी और अक्षर के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की थी. सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत 43 पर भारत रोहित और गिल को खो चुका था. श्रेयस ने विराट को साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े और 45 रन की पारी खेली.इन सभी मैच में भारत की जीत में उनका अहम योगदान रहा. श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई खुश है और रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें जल्द सेंट्रल कांट्रेक्ट में शामिल किया जा सकता है. बता दें कि टेस्ट क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने की वजह से बोर्ड ने मौजूदा सेंट्रल कांट्रेक्ट से बाहर कर दिया था. लेकिन अब वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. इस वजह से जल्द ही वे सेंट्रल कांट्रेक्ट में वापसी कर सकते हैं।

## आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में भारतीय टीम पर भारी पड़ी है न्यूजीलैंड




दुबई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में , न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण है कि भारतीय टीम अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी है। उसने लीग स्तर के मुकाबले में कीवी टीम को हराया है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं अगर आंकड़ों पर नजर डाले तो कीव टीम का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि आज तक तीन बार दोनो टीमों के बीच नॉकआउट मुकाबला हुआ है जिसमें तीनो ही बार न्यूजीलैंड, जीती है। दोने के बीच अब तक आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी, एकदिवसीय विश्व कप 2019 सेमीफाइनल और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-2021 फाइनल में टक्कर हुई है। इसमें हर बार भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इस बार हालांकि हालात भारतीय टीम के पक्ष में दिख रहे हैं क्योंक उसने अब तक खेल के सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम लगातार दुबई में खेलने से हालातों क अनुसार ढ़ल गयी है। वहीं कीवी टीम ने अबतक अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेले हैं।

दोनो ही टीमें सबसे पहले आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी 2000 के फाइनल में भिड़ी थीं तब न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से मुकाबला जीता था। उस मैच में भारतीय टीम ने सौरव गांगुली (117) और सचिन तेंदुलकर (69) की शानदार पारी की मदद से भारत ने 50 ओवरों में 264/6 रन बनाए। वहीं इसके बाद क्रिस केर्न्स की नाबाद 102 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने 2 गेंद पहले ही मुकाबला जीत लिया।

### मेरा लक्ष्य अपने पहले मैच में गोल करना था

**-साक्षी राणा ने सीनियर टीम में अपने स्वप्निल पदार्पण पर कहा**

नई दिल्ली,(ए)। साक्षी राणा ने मात्र 17 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम में जगह बनाई और भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय रंगों में अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में अविश्वसनीय क्षमता दिखाई।

स्पेन के खिलाफ भारत के पहले मैच के दौरान उन्हें पदार्पण का मौका मिला और दुर्भाग्यपूर्ण 3-4 से हार के बावजूद, साक्षी के लिए यह एक यादगार दिन था क्योंकि उन्होंने अपने पदार्पण मैच में एक अविश्वसनीय फील्ड गोल किया। इसके बाद उन्होंने क्रमश: स्पेन और जर्मनी के खिलाफ फिर से खेला।

### बेन स्टोक्स इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम की कमान संभालने की दौड़ में

नई दिल्ली, (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जोस बटलर के कप्तान पद से इस्तीफा देने के बाद इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल क्रिकेट एक चौराहे पर खड़ी है। प्रबंध निदेशक रॉब की ने पदभार संभालने के लिए सबसे अच्छे व्यक्ति को खोजने का दृढ़ निश्चय किया है, इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स वनडे में भी कप्तानी संभाल सकते हैं।

स्टोक्स, जिन्होंने इंग्लैंड के निराशाजनक 2023 विश्व कप बचाव में अपना आखिरी 50 ओवर का मैच खेला, एक विकल्प बने हुए हैं। की ने स्टोक्स के असाधारण नेतृत्व गुणों को स्वीकार करते हुए स्काई स्पोर्ट्स से कहा, बेन स्टोक्स उन सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है, इसलिए उन्हें नजरअंदाज करना बेवकूफी होगी।

हालांकि, उन्होंने इस तरह की दोहरी भूमिका के प्रभाव पर विचार करने की आवश्यकता को भी स्वीकार किया।

इंग्लैंड अलग-अलग वनडे और टी20 कप्तानों के विचार के लिए भी खुला है, क्योंकि की का मानना है कि अब प्रारूपों के लिए एक अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता है। चर्चा में कई नाम सामने आए हैं, जिनमें फिल साल्ट, लियाम लिविंगस्टोन और हैरी ब्रूक शामिल हैं। की ने जोर देकर कहा कि निर्णय जल्दबाजी में नहीं लिया जाएगा: हम सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, कोई ऐसा व्यक्ति जो इसे आगे ले जा सके।

ग्रुप स्टेज में चैंपियंस ट्रॉफी से इंग्लैंड का बाहर होना गहरी जड़ें जमाए हुए मुद्दों को उजागर करता है। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से हार ने टीम के संतुलन में खामियों को उजागर किया, जिसमें इंग्लैंड ने उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में तेज गेंदबाजी आक्रमण का विकल्प चुना। ब्रायडन कार्स और मार्क वुड की चोटों ने उनके अभियान को और बाधित किया। शुरुआत में, आदिल राशिद एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर थे, जबकि रेहान अहमद को केवल चोट के प्रतिस्थापन के रूप में लाया गया था।

## हरमनप्रीत और एक्लेस्टोन के बीच तीखी नोकझोंक पर मिताली राज ने दी प्रतिक्रिया

लखनऊ, (ए)। मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच खेले गए डब्ल्यूपीएल 2025 मैच के दौरान एक विवाद हुआ, जिसे लेकर पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि जब मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर अंपायर से बातचीत कर रही थीं, तब सोफी एक्लेस्टोन क्या करने की कोशिश कर रही थीं, यह समझ से बाहर था।यह घटना आखिरी ओवर से पहले हुई, जब धीमी ओवर गति के कारण अंपायर ने मुंबई इंडियंस पर पेनल्टी लगाई और नियमों के अनुसार 30-यार्ड सर्कल के बाहर सिर्फ तीन फील्डरों को रखने की अनुमति दी। इस फैसले से हरमनप्रीत नाराज दिखीं और अंपायर से इस पर चर्चा करने लगीं। इसी बीच, आखिरी ओवर डालने जा रहीं अमेलिया केर भी इस फैसले से नाखुश नजर आईं। मिताली ने जियोस्टार पर बात करते हुए कहा, मुंबई इंडियंस चार मिनट की देरी से ओवर डाल रही थी, इसलिए उन्हें एक अतिरिक्त फील्डर को सर्कल के अंदर लाना पड़ा। शायद हरमनप्रीत अंपायर से इसी बारे में चर्चा कर रही थीं और सोच रही थीं कि अगर यह पहले पता होता तो वह 19वें ओवर में शबनिम इस्माइल को गेंदबाजी करातीं। लेकिन मुझे समझ नहीं आया कि एक्लेस्टोन इस बातचीत में क्यों शामिल हो रही थीं।

# जिला पंचायत सीईओ ने की ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा

### सिलाई सेंटर, गौशाला सहित विभिन्न गतिविधियों का किया निरीक्षण
### प्रगति कम पाए जाने पर 06 पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने बैठक आयोजित कर आष्टा जनपद के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने नल जल योजना, वृक्षारोपण, आवास योजना, मनरेगा, एसबीएम, एनआरएलएम एवं आयुष्मान कार्ड सहित सभी विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण नल-जल योजनाओं के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने पीएम आवास योजना में अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों की सराहना की तथा आवास स्वीकृति में प्रगति कम पाए जाने पर ग्राम पंचायत वैजनाथ, चुपाडिया, जीवापुरमहोडिया, कजलासमूंदीखेडी, पगारिया हाट, गुराडिया वर्मा के पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंनें अपूर्ण गौशाला को समय सीमा पूर्ण करने एवं आचार्य विद्यासागर योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जनपद परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित सिलाई सेंटर का निरीक्षण किया तथा समूह की दीदियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम डोडी में गौशाला का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत खडीहाट में स्वच्छ भारत मिशन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत निर्मित संरचना का निरीक्षण किया तथा सरपंच-सचिवों एवं टीम को निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ अमित व्यास, सहायक यंत्री, बीपीओ, एडीईओ, उपयंत्री, स्वास्थ्य विभाग के अमले सहित सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# एक पौधा एक बाटल जल अभियान



सीहोर (निप्र)। ग्राम पंचायत मोयापानी में फिआ फाउंडेशन जीवन परियोजना अंतर्गत ग्राम युवाओं ने बढ़ते तापमान, जल वायु परिवर्तन के बढ़ते दुष्परिणाओं को कम करने, घटते भू जल स्तर को देखते हुए पेड़-पौधों को बचाने का संकल्प लिया। इस भागदौड़ भरे जीवन मे मोयापानी के कुछ युवाओं ने मौसम में होते परिवर्तन को देखते हुए छोटे-छोटे पौधों को बचाने का संकल्प लिया है। पौधों को बचाने के लिए युवा संकल्प एक पौधा एक बॉटल जल अभियान प्रारंभ किया। इसमें उन्होंने पानी की बॉटल एकत्रित कर मोयापानी की नर्सरी में लगे छोटे पौधों में जल डालकर अभियान प्रारंभ किया साथ ही पौधों की मलचिंग भी की गई ।सभी युवा प्रतिदिन घुमने फिरने घर से निकलते समय एक पानी की बॉटल अपने साथ लेकर निकलेंगे और नर्सरी में जो छोटा पौधा लगा होगा उसमें वह क्रमवार पानी डालेंगे जिससे कि इस गर्मी के आने बाले मौसम में पौधे बच सकें। युवक अनिल,अर्जुन, राजू अभियान के दौरान बॉटल रखेगें।बहादुर द्वारा बताया कि पेड़, पौधे, पृथ्वी पर ईश्वर का दूसरा रूप है, जो हमें जीवन प्रदान करते है। सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी पेड़ से ही प्राप्त होता है, जिससे जीवन संभव हो पाता है।जंगल से ही अदिवासी की आजीविका चलती है, जंगल से हमें फल, फूल, माहुआ, टेमरु, तेंदुपत्ता, लकड़ी, बिला, गोंद, पलास, इमली और भी विभिन्न प्रकार की चीजें प्राप्त होती हैं।

एक पेड़ प्रति वर्ष लगभग 25 किलोग्राम सीओटू अवशोषित करता है। हमें इस गर्मी के मौसम में पौधों को बचाना चाहिए।

इस अभियान को फिआ फाउंडेशन भोपाल जीवन परियोजना के अंतर्गत अलीपुर पंचायत, धाईखेड़ा, गादीयां, बालोडीया पंचायतों में भी पूरे गर्मी के मौसम में चलाया जाएगा पौधो की मलचिंग का कार्य भी किया जाएगा ग्राम के नव युवाओं द्वारा चलाए जा रहे एक पौधा एक बॉटल जल अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं पुरुषों और समुदाय को जुडना़ चाहिए इस अभियान में फिआ फाउंडेशन से संतोषी गोहियां, प्रीति चौहान, सोनम देवड़ा, राजू कानसिया, बहादुर सिंह, कलमीय ग्राम के युवा साथी विजय, अनिल ,अर्जुन, विनोद, राहुल,भाव सिंह, संजय एवं ग्राम के अनेक युवा उपस्थित रहे।

## मार्च माह में अवकाश दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

सीहोर ( निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 8 मार्च शनिवार, 9 मार्च रविवार, 14 मार्च होली, 15 मार्च शनिवार, 16 मार्च रविवार, 19 मार्च रंगपंचमी, 22 मार्च शनिवार, 23 मार्च रविवार तथा 31 मार्च ईद-उल-फितर को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

## सीवन नदी शहरवासियों की जीवनदायनी, दो अप्रैल से चलाया जाएगा सफाई अभियान

### सीवन महोत्सव, गहरीकरण, सफाई आदि को लेकर क्षेत्रवासी आए सामने



सीहोर (निप्र)। शहर के लोगों की जिंदगी से जुड़ी सीवन नदी लगातार अपनी जीवंतता खो रही है। सीवन नदी का गहरीकरण और सफाई नहीं करए जाने से यह पूरी तरह से उथली हो गई। हालात इस तरह के हो गए थे कि हर साल गर्मी आते-आते सीवन नदी पानी तरस जाती है, लेकिन अब सीवन नदी के गहरीकरण, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण के अलावा सीवन महोत्सव को शुरू करने के लिए शुक्रवार को शहर के एक दर्जन से अधिक समाजसेवी संगठन, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिकों के अलावा क्षेत्रवासियों ने अपने-अपने सुझाव के अलावा सहयोग देने की बात कही है। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर इसके अलावा राजकुमार गुप्ता गोपाल सोनी प्रदीप चौहान भारत सोनी मधुर विजयवर्गीय प्रवीण तिवारी आशीष गेहलोद विवेक राठौर और सीहोर शहर के वरिष्ठ नागरिकोंके आतिथ्य में हुई बैठक के दौरान सीवन नदी के तट पर घाट के अलावा गंगा आश्रम, स्वदेश नगर आदि में सीवेज सिस्टम आदि को सुचारू करने से सीवन नदी में गंदा पानी नहीं जाने के अलावा जलकुंभी आदि की सफाई के विषय पर चर्चा की गई।

## दिव्यांगजनो को सुगम्य वातावरण के लिए कराया गया सार्वजनिक भवनों का भ्रमण

### रैली के माध्यम से आमजनों को किया गया जागरूक



सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र द्वारा दिव्यांगजनो को शासकीय भवनों के कार्यालयों एवं सार्वजनिक उपयोग के भवनों एवं स्थानों का अवलोकन कराया गया। दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे सिनेमा हॉल, शापिंग मॉल, पार्क, बस स्टैंड आदि को सुगम्य एवं बाधारहित बनाया जाए इसके प्रति जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के दौरान आमजनों को बताया गया कि दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य वातावरण कितना आवश्यक है। इसके साथ ही दिव्यांगजनो को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। रैली में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक महेश यादव, सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। भ्रमण के पश्चात प्रदेश के सभी दिव्यांगजनों से फीडबैक लेकर उनको दी जाने वाली सुविधाओं एवं कार्यक्रम को बेहतर बनाया जाएगा।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राही सम्मेलन आयोजित

### 11 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को आवास निर्माण की दी गई तकनीकी जानकारी



सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन कि निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए क्लस्टर लेवल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा सके तथा आवासों का निर्माण समय सीमा में हो सके। सम्मेलन में मकान का नक्शा लेआउट सहित चरण दर चरण निर्माण की पूरी जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में भैरूंदा जनपद के ग्राम नीलकंठ में 11 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीहोर जिले को 24,388 आवासों का नवीन लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य के तहत सीहोर जिले में नवाचार कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए जिले के प्रत्येक कलस्टर में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजित हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों एवं आमजनों को आवास योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रथम किस्त में प्लिंथ निर्माण के लिए 25,000 रूपये, दूसरी किस्त में दीवार चुनाई के लिए 40,000 रूपये, तीसरी किस्त में छत निर्माण के लिए 40,000 रूपये, चौथी किस्त में मनरेगा एवं मजदूरी भुगतान के लिए 35,000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक, सचिव, उपयंत्री, मनरेगा अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास प्रभारी, राजमिस्त्री का कार्य करने वाले आजीविका ग्रुप एवं हितग्राही उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत आज आयोजित होगी

### न्यायालय में लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 24 खण्डपीठ का गठन

सीहोर (निप्र)। जिला एवं तहसील स्तर पर आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित एवं प्रिलिटिगेशन समझौता योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए 24 खण्डपीठ का गठन किया गया है। लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य प्रकरण, आर्थिक क्षेत्राधिकारिता में आने वाले सिविल प्रिलिटिगेशन प्रकरण एवं नगरपालिका जलकर, सम्पत्तिकर से सम्बंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरण तथा राजीनामा योग्य लबित प्रकरण। बैंक एवं बी.एस.एन.एल. विभाग के प्रीलिटिगेशन प्रकरण तथा सुनवाई, राजीनामा योग्य प्रकरणो के अतिरिक्त अन्य समस्त राजीनामा योग्य लंबित समझौता योग्य प्रकरणों के निराकरण किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं विशेष न्यायाधीश (एससीएसटीएक्ट) के न्यायालय के समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों के लिए गठित प्रथम खण्डपीठ पीठासीन के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सतीश चंद्र शर्मा होगें और सदस्य अधिवक्ता एचपी चक्रधर एवं राजेश बैरागी नियुक्त किये गये है। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय के वैभव मण्डलोई होगें और अधिवक्ता के रूप में सुश्री सुमन सिकरवार मीडियार एवं अनिल पारे अधिवक्ता, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री संजय गोयल के न्यायालय के अधिवक्ता उपेन्द्र कुमार सिंह एवं बृजेन्द्र सिंह चंदेल मीडिएटर अधिवक्ता होगें। जिला न्यायाधीश श्री एम के वर्मा द्वितीय के न्यायालय के अधिवक्ता राजेन्द्र कुशवाह मीडिएटर अधिवक्ता एवं सुनील सिंह सिसोदिया होगें। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता के न्यायालय के अधिवक्ता सुरेश चन्द्र जैन एवं अनिल कुशवाह होगें। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती राखी सिकरवार के न्यायालय के अधिवक्ता के रूप में श्रीमती माधुरी यादव एवं श्री दिनेश मालवीय होगें।

# हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह

### प्रदेशाध्यक्ष राकेश राय और राष्ट्रीय संयोजक ने किया लोकसभा स्पीकर का सम्मान



सीहोर (निप्र)। संसदीय क्षेत्र कोटा में हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुआ। मुझे विश्वास है कि नवगठित कार्यकारिणी समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करने का कार्य गंभीरता से करेगी। नए संकल्प, नई दिशा और नई ऊर्जा के साथ समाज सतत प्रगति करे, इसी विश्वास के साथ नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं। उक्त विचार बालिका छात्रावास विनोबा भावे नगर कोटा राजस्थान में हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान के तत्वाधान में शपथ-ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहे। इस मौके पर मध्यप्रदेश राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय और राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अर्चना जायसवाल ने लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का सम्मान किया। समारोह के दौरान प्रदेशाध्यक्ष राकेश राय ने कोटा में आने वाले लाखों की संख्या में विद्यार्थियों को छात्रावास के लिए अपनी ओर से 15 लाख रुपए प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी ओर से 15 लाख रुपए छात्रावास के निर्माण के लिए दे जा रहे है। इसके अलावा कार्यकारिणी भी 15 लाख रुपए प्रदान करें तो शीघ्र ही छात्रावास का निर्माण हो जाएगा, इसके अलावा ओर भी राशि की आवश्यकता होगी तो मैं अपनी ओर से प्रदान करूगां। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के लोग हर क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहे है। इसका परिणाम है कि केन्द्रीय मंत्री श्रीपद यशो नाइक राजनीति के क्षेत्र में समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में समाज के बच्चे आईएएस, आईपीएस के अलावा आला अधिकारी बन रहे है। समाज को शिक्षा की राह में आगे बढ़ाने के लिए कोटा जैसे शिक्षा के केन्द्र में छात्रावास का निर्माण होना इसके अलावा अन्य कार्य होना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अर्चना जायसवाल और प्रदेशाध्यक्ष राकेश राय ने मध्यप्रदेश के सीहोर में आने के लिए लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला को आमंत्रण दिया।भव्य कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने कहा कि हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित समाजजनों ने जो पूरे उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम को सफल बनाया है, वह ऐतिहासिक है।

### भाजपा के मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तीफे की मांग एवं सीहोर जिला चिकित्सालय में हो रही अनियमित्ताओं को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा अपने अधिकार मांगने वाली जनता को भिकारी बताया है। जनता जनार्दन के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया जो कि बहुत ही निंदनीय है। म.प्र. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार सभी कांग्रेसजनों की उपस्थिती में मंत्री प्रहलाद पटेल के इस्तिफे की माँग सीहोर जिला चिकित्सालय में हो रही डॉक्टरों की मनमानी एवं अनियमित्ताओं को लेकर विशाल धरना का आयोजन आज शनिवार, दिनांक 8 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे स्थानीय जिला टॉकिज चौराहा, सीहोर पर किया गया है। धरना प्रदर्शन उपरांत महामहीम राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा जावेगा। उक्त धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी, सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एससी, अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सभी विभाग एवं प्रकोष्ठ जिला सीहोर के सभी वरिष्ठ नेता, कांग्रेस पदाधिकारी एवं युवा साथियों से अपील की गई है

## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

**email-modgmseh@mp.gov.in**

**क्रमांक-877/ खनिज/उ.प./2025,** **सीहोर, दिनाँक 03/03/2025**

**म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए**

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **राजेश तीर्थनी, आ. स्व. श्री वीरूमल तीर्थनी, निवासी म.नं. 33, ब्राईट कालोनी, ईदगाह हिल्स, भोपाल** द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **09.12.2024** को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु **प्रथम सूचना क्रमांक 5307 दिनांक 16.12.2024** प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुन: विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | बामलादढ | 102/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 8.482 हे. में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 8.482 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**जी/23929/24**

**उप संचालक**
**खनिज प्रशासन**
**जिला-सीहोर**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com